लोके हि स एवायं चैत्र इति प्रतिसन्धानेनाभिमुखीभूते वस्तुनि ज्ञानं प्रत्यभिज्ञेति व्यवह्रियते । इहापि प्रसिद्धपुराणसिद्धागमानुमानादिज्ञातपरिपूर्णशक्तिके परमेश्वरे सति स्वात्मन्यभिमुखीभूतेतच्छक्तिप्रतिसन्धानेन ज्ञानमुदेति नूनं स एवेश्वरोहमिति । तामेतां प्रत्यभिज्ञामुपपादयामि । उपपत्तिः सम्भवः सम्भवतीति तत्समर्थाचरणेन प्रयोजनव्यापारेण सम्पादयामीत्यर्थः । यदीश्वरस्वभाव एवात्मा प्रकाशते तर्हि किमनेन प्रत्यभिज्ञाप्रदर्शनप्रयासेनेति चेत् तत्रायं समाधिः स्वप्रकाशतया सततमवभासमानेऽप्यात्मनि मायावशाद्भागेन प्रकाशने पूर्णतावभाससिद्धये दृक्क्रियात्मकशक्त्याविष्करणेन प्रत्यभिज्ञा प्रदर्श्यते । तथा च प्रयोगः अयमात्मा परमेश्वरो भवितुमर्हति ज्ञानक्रियाशक्तिमत्त्वात् यो यावति ज्ञाता कर्ता च स तावतीश्वरः प्रसिद्धेश्वरवत् राजवद्वा आत्मा च तावेश्वज्ञाता कर्ता च तस्मादीश्वरोऽयमिति अवयवपञ्चकस्याश्रयणं मायावादेन नैयायिकमतस्य कक्षीकारात् ॥ ४ ॥

जो हो; इसप्रकार षष्ठीसमास करनेपर पक्षमें प्रयोजन निर्दिष्ट होनेपर, अथवा बहुव्रीहि समास पक्षमें प्रयोजन निर्दिष्ट होता है । जैसे, समस्त सम्पत पानेके लिये, । उसका बहुव्रीहिसमासमें अर्थ यह हुआ जो, सम्पूर्ण सम्पत पानाही जिसका हेतु, तादृशी । भिज्ञा । यहां सम्पूर्णबाह्य और आभ्यन्तर भेदसे जो कुछ नित्यमुक्तादि उसकी । सम्पत् सिद्धि है अर्थात् उसके स्वरूपमें प्रकाश है, उसीकी सम्यक् प्राप्ति है, यही प्रत्यभिज्ञाका हेतु है वह प्रत्यभिज्ञा इसवाक्यके अन्तर्गत तत शब्दसे महेश्वर उसीकी प्रत्यभिज्ञा समझनी चाहिये । प्रत्यभिज्ञा शब्दसे प्रतिसाभिमुख्यज्ञान सो यह चैत्र, इत्यादि । प्रतिसन्धान द्वारा अभिमुखीभूत वस्तुमें जो ज्ञान, उसीका नाम लोकव्यवहारमें प्रत्यभिज्ञा है । यहां भी प्रसिद्ध पुराण और सिद्ध आगम एव अनुमानादिद्वारा जिसकी परिपूर्णशक्ति ज्ञात होचुकी है, वही परमेश्वर स्वात्मामें अभिमुख होनेपर, उसकी शक्तिके सन्धानद्वारा इसप्रकार ज्ञानका उदय होता है, मैं निश्चय ही वही ईश्वर हूं । यह इस प्रत्यभिज्ञाको उपपादित करती हूं उपपत्ति शब्दसे सम्भव होता है, कहनेसे, उसके समर्थका आचरण प्रयोजन व्यापार-

DR. RUPNATH JHA (PRRUPAK NATH)

रकी सहायतासे सम्पादन करती है । यही उपपादितका अर्थ है । यदि कहो कि, ईश्वर स्वभावही आत्मा प्रकाशित होता है । सुतरां प्रत्यभिज्ञा दिखलानेरूप परिश्रम करनेसे प्रयोजन क्या ? इसका समाधान यह है । जो, आत्मा स्वतः सिद्ध प्रकाश सम्पन्न है । सुतरां, सतत प्रकट होनेपरभी मायावशात् भागशः प्रकाशित होता है, पूर्णता प्रकट नहीं होसकता । उसी पूर्णताका अभावसे सिद्धिही दृक् क्रियात्मक शक्तिका आविष्करणसे प्रत्यभिज्ञा प्रदर्शन किया जाता है । उसी प्रकार इसका प्रयोग यह है जो यह आत्मा ज्ञान क्रिया शक्तिसम्पन्न कहनेसे ईश्वर हो सकता है । इसके दृष्टान्त प्रसिद्ध ईश्वर या राजा है । आत्मा विश्वका ज्ञाता और कर्त्ता है सुतरां यहां ईश्वर है । इत्यादि मायावादसे नैयायिक मत स्वीकार करनेपर अनुरूप अवयवपञ्चकका आश्रय होता है । इस प्रकार एक आत्मा मायावशात् पांच प्रकारके आकार परिग्रह करनेपर प्रत्यभिज्ञाके विना उसका स्वरूप निर्देशको साध्यक्या ? इसीकारण प्रत्यभिज्ञाप्रदर्शन करें आयास माननेका प्रयोजन है ॥ ८ ॥

तदुक्तमुदयकरसूनुना—

कर्त्तरि ज्ञातरि स्वात्मन्यादिसिद्धे महेश्वरे ।
अजडात्मा निषेधं वा सिद्धिं वा विदधीत कः ॥ ९ ॥

उदयकरण सूनुनेभी कहा है—जो कर्त्ता, ज्ञाता, स्वात्मा और अनादि सिद्ध उस महेश्वरमें कौन बुद्धिमान व्यक्ति विधि वा निषेध आरोप करसकताहै ॥ ९ ॥

किन्तु मोहवशादस्मिन्दृष्टेऽप्यनुपलक्षिते ।
शक्त्याविष्करणेनेयं प्रत्यभिज्ञोपदर्श्यते ॥ १० ॥

किन्तु मोहवशेसे इसको देखकर भी देखा नहीं जाता । इसीकारण शक्तिका आविष्करण पूर्वक यह प्रत्यभिज्ञा उपदर्शित होती है ॥ १० ॥

तथाहि—

सर्वेषामिह भूतानां प्रतिष्ठा जीवदाश्रया ।
ज्ञानं क्रिया च भूतनां जीवतां जीवनं मतम् ॥ ११ ॥

उसी प्रकार समुदाय भूतगणकी प्रतिष्ठाही आश्रय एवं साक्षात् जीवनदायिनी । ज्ञान और क्रियाही जीवितभूतगणका जीवन कहकर परिगणित होता है ॥ ११ ॥

तत्र ज्ञानं स्वतःसिद्धं क्रिया कर्त्राश्रिता सती ।
परैरप्युपलक्ष्येत तयान्यज्ज्ञानमुच्यत इति ॥ १२ ॥

उनमे ज्ञान स्वतःसिद्ध और क्रिया उसके आश्रित है ॥ १२ ॥

DR.RUPNATHJI DR.RUPAK NATH

या चैषां प्रतिभा तत्तत्पदार्थक्रमरूपिता ।
अक्रमानन्दचिद्रूपः प्रमाता स महेश्वर इति च ॥ १३ ॥

इनसबकी प्रतिभा उस २ पदार्थके क्रमरूपसे आविर्भूत होता है । किन्तु महेश्वर प्रमाता एवं सर्व्वप्रकार क्रमराहेत, आनन्दस्वरूप साक्षात् चिद्रूप है ॥ १३ ॥

सोमानन्दनाथपादैरपि—
सदा शिवात्मना वेत्ति सदा वेत्ति सदात्मना इत्यादि ॥१४॥

सोमानन्दनाथपादनेभी कहा है,—सर्व्वदा शिवात्मद्वारा अवगत होता है एवं सर्व्वदा सदात्मकद्वारा विदित होता है अर्थात् लोकमे शिवस्वरूप और साक्षात् महेश्वर स्वरूप होनेपर भी, सदा सब विषय परिज्ञात होता है ॥ १४ ॥

ज्ञानाधिकारपरिसमाप्तावपि ।
तदैक्येन विना नास्ति संविदां लोकपद्धतिः ।
प्रकाशैक्यात्तदेकत्वं मातैकः स इति स्थितः ॥ १५ ॥

ज्ञानाधिकार परिसमाप्तिमें भी कहाहै, उस महेश्वरके साथ एकत्व न घटनेपर, संवित् कभी स्वप्रकाश प्राप्त वा प्रस्फुरित होकर अपने विषयग्रहणमें समर्थ नहीं होता । वही महेश्वरही एकमात्र प्रमाता है । प्रकाशकी एकता होनेपर उसका एकत्व घटता है ॥ १५ ॥

स एवार्थभृशत्वेन स्वेयतेन महेश्वरः ।
विमर्श एव देवस्य शुद्धे ज्ञानक्रिये यत इति ॥ १६ ॥

वही महेश्वर नियत सर्व्वस्वमय है । सर्व्वथा शुद्धस्वरूप ज्ञान और क्रिया उसीका विमर्शस्वरूप है ॥ १६ ॥

विवृतं चाभिनवगुप्ताचार्य्यैः । तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभातीति श्रुत्या प्रकाशचिद्रूपमहिमा सर्वस्य भावजातस्य भासकत्वमभ्युपयते । ततश्च विषयप्रकाशस्य नीलप्रकाशः पीतप्रकाश इति विषयोपरागभेदाद्भेदः । वस्तुतस्तु देशकालाकारसङ्कोचविकल्पादभेद एव स एव चैतन्यरूपः प्रकाशः प्रमातेत्युच्यते ॥ १७ ॥

DR RUPNATH JI (DR RUPAK NATH)

शभाव पाया है, इत्यादिवाक्यानुसार, प्रकाशचिद्रूप महिमाकी सहायतासे सब सृष्टि उत्पन्न पदार्थका भासकत्व अभ्युपेत होता है । अर्थात्, वह प्रकाश स्वरूप, और चिद्रूप । उसीसे सम्पूर्ण संसारकी प्रकाशकता सम्पन्न होती है, यह स्पष्टही जानाजाता है । पुनः, उसीसे-नीलप्रकाश और पीतप्रकाश इत्यादि विषयोपरागभेदसे भिन्न २ प्रकारका विषय प्रकाश संघटित होता है । वस्तुतः, देश, काल, आकार, इन सबके संकोचकी वैकल्पतासे उसमें कोई प्रकार भेद वा द्वैतभाव नहीं । वही साक्षात् चैतन्य, साक्षात् प्रकाश और साक्षात् प्रमाता कहकर परिगणित होता है ॥ १७ ॥

तथा च पठितं शिवसूत्रेषु "चैतन्यमात्मेति" । तस्य चिद्रूपत्वमनवच्छिन्नविमर्शत्वमन्योन्मुखत्वमानन्दैकघनत्वं माहेश्वर्य्यमिति पर्य्यायः स एव ह्ययं भावात्मा विमर्शः शुद्धे पारमार्थिक्यौ ज्ञानक्रिये । तत्र प्रकाशरूपता ज्ञानं स्वतो जगन्निर्मातृत्वं क्रिया। तच्च निरूपितं क्रियाविकारे—

एष चानन्दशक्तित्वादेवमाभासयत्यमून् ।
भावानिच्छावशादेषा क्रियानिर्मातृताऽस्य सेति ॥ १८ ॥

शिवसूत्रमें कहाहै, जो आत्मा चैतन्यस्वरूप है, यहां आत्मा शब्दसे महेश्वर चिद्रूपत्व, अनवच्छिन्न विमर्शत्व, अनन्योन्मुखत्व एवं आनन्दैकघनत्वही माहेश्वरत्व है । वही भावात्मा, अर्थात् सम्पूर्ण सृष्टपदार्थका स्वरूप है । वही विमर्श स्वरूपहै । वही परम निर्म्मल और पारमार्थिक ज्ञान और क्रिया इन दो प्रकारका स्वरूप है । उनमें ज्ञानशब्दसे प्रकाशरूपता एवं क्रियाशब्दसे अन्यदीय सहाय निरपेक्ष होकर, संसार निर्म्माण कर्तृत्व है । क्रियाधिकारमें भी निरूपण कियाहै',—वह आनन्द शक्तिस्वरूप है । उसके प्रभावसे इच्छाक्रमसे भुवनादि समुदाय भावजात अवभासित करता है । यही उसकी निर्म्मातृ क्रिया है ॥ १८ ॥

उपसंहारेऽपि—

इत्थं तथा घटपटाद्याकारजगदात्मना ।
तिष्ठासोरेवमिच्छैव हेतुकर्तृकृता क्रियेति ॥ १९ ॥

उपसंहारमें कहाहै जो, इस प्रकार सुप्रसिद्ध घटपटादिके आकारविशिष्ट जगत् स्वरूपसे अवस्थिति करनेके लिये उसकी इच्छा होती है । यही हेतुकर्तृता क्रियाहै ॥ १९ ॥

तस्मिन् सतीदमस्तीति कार्य्यकारणतापि या ।
सा व्यपेक्षाविहीनानां जडानां नोपपद्यते ॥ २० ॥

DR RUNATH (ARRUPAT NATH)

वही सत्स्वरूप महेश्वरमें इसप्रकार जो कार्य्य करणता विद्यमान है, वह अपेक्षा विहीन जड़गणमें कभी उपपादित नही होती ॥ २० ॥

इति न्यायेन यतो जडस्य कारणता न वा अनीश्वरस्य चेतनस्यापि तस्मात्तेन तेन जगद्घतजन्मस्थित्यादिभावविकारतत्तद्भेदक्रियासहस्रूपेण स्थातुमिच्छोः स्वतन्त्रस्य भगवतो महेश्वरस्येच्छैवोत्तरोत्तरमुच्चस्वभावा क्रिया विश्वकर्तृत्वं वोच्यत इति । इच्छामात्रेण जगन्निर्माणमित्यत्र दृष्टान्तोऽपि स्पष्टं निर्दिष्टः ।

योगिनमिपि मृद्बीजे विनैवेच्छावशेन यत् ।
घटादि जायते तत्तत् स्थिरस्वाभाक्रियाकरमिति ॥ २१ ॥

इत्यादि न्यायानुसार, जिसकारण; जड़गणका और अनीश्वरचेतनका जिसप्रकार कारणतानही, उसीकारण, स्वतन्त्रस्वरूप भगवान्महेश्वर उस उस जगद्घत जन्म स्थिति प्रभृतिभावविकारका उस २ भेदक्रियामें हजारों प्रकारसे अवस्थिति करनेके लिये इच्छुक होनेपरभी, उसकी उस इच्छाको उत्तरोत्तर उच्चस्वभाव क्रिया या विश्वकर्तृत्व कहते हैं इच्छामात्रसे इसप्रकार जो जगत्का निर्माण होजाताहै, उसका दृष्टान्तभी स्पष्ट निर्दिष्ट हुआ है:—योगियोंकी इच्छावशसे मृत्तिका और बीज विना घटादि उत्पन्न होजाताहै । इसीका नाम इच्छानुगामिणीक्रियाशक्ति है ॥ २१ ॥

यदि घटादिकं प्रति मृदाद्येव परमार्थतः कारणं स्यात् तर्हि कथं योगीच्छामात्रेण घटादिजन्म स्यात् । अथोच्यते अन्य एव मृद्बीजादिजन्मा घटाङ्कुरादयो योगेच्छाजन्यास्त्वन्या एवेति । तत्रापि बोध्यते सामग्रीभेदात्तावत् कार्य्यभेद इति सर्वजनप्रसिद्धम् । ये तु वर्णयन्ति नोपादानं विना घटाद्युत्पत्तिरिति ॥ योगी त्विच्छया परमाणून् व्यापारयन् सङ्घट्टयतीति तेऽपि बोधनीयाः । यदि परिदृष्टकार्य्यकारणभावविपर्य्ययो न लभ्येत तर्हि घटमृद्दण्डचक्रादिदेह स्त्रीपुरुषसंयोगादिसर्वमपेक्षेत तथा च योगीच्छासमनन्तरसञ्जातघटदेहादिसम्भवो दुःसमर्थ एव स्यात् चेतन एव तु तथा भाति भगवान् भूम्निगो महा-

DR.RUPNATH JI (DR.RUPAK NATH JI)

देवो नियत्यनुवर्त्तनोल्लङ्घनतरस्वान्तन्त्र्य इति पक्षे न काचिदनुपपत्तिः । अत एवोक्तं वसुगुप्ताचार्य्यैः—

निरुपादानसम्भारमभित्तावेव तन्वते ।
जगच्चित्रं नमस्तस्मै कालाक्ष्याध्याय शूलिन इति ॥ २२ ॥

यदि घटादिके उत्पत्तिप्रतिमृत्तिकादि परमार्थतः कारणहोता है, तो किसप्रकार योगीकी इच्छामात्रसे घटादिकी उत्पत्ति होजासकती ? यदि कहोकि मृत्तिका और बीजादिजनितघट और अंकुरादि, योगीकी इच्छाजनित है उस २ घटादिसे सम्पूर्ण भिन्नपदार्थ ऐसे होनेपरभी बुझना होगा कि सामग्री भेदसे कार्य्यभेदहोजाता है; यह सर्व्वजनप्रसिद्ध है । पुनः जो लोग कहते हैं जो, उपादानके बिना घटादिकी उत्पत्ति नहीं होती । योगीकी इच्छावशतः परमाणुसबको व्यापारितकर संघटितकरते हैं, उनकी यह बात बुझना उचित है, यदि दृश्यमान कार्य्यकारणभाव विपर्य्यय नहीं होता, तो घट और मृद्दण्डचक्रादि देहमें सबप्रकारका व्यापारअपेक्षित होता है । और योगीकी इच्छामात्रसे समुद्भूतघटादि सम्भव दुःसमर्थ होजाता है । इसप्रकार चैतन्यस्वरूप भगवान् भूरिभगमहादेव नियतिका अनुवर्त्तन अतिक्रमकरके, निरवच्छिन्न स्वातन्त्र्यसहकारसे विहार करते हैं इसविषयमें किसीप्रकार अनुपपत्ति नहीं । इसी कारण वसुगुप्ताचार्य्यनें कहा है—जो किसीप्रकार उपादान सम्भार ग्रहण न करके अभित्तिहीमें यह जगद्रूपचित्र अङ्कित करते हैं, उस भगवान्महादेवको नमस्कार करताहूं ॥ २२ ॥

ननु प्रत्यगात्मनः परमेश्वराभिन्नत्वे संसारसम्बन्धः कथं भवेदिति चेत्तत्रोक्तमागमाधिकारे—

एष प्रमाता मायान्धः संसारी कर्मबन्धनः ।
विद्यादिभिर्पतैश्वर्यश्चिद्घनो मुक्त उच्यत इति ॥ २३ ॥

यदि कहो कि प्रत्यगात्मा परमेश्वरसे अभिन्न है तो उसका संसारबन्ध किसप्रकारहोताहै? आगमाधिकारमें इसविषयका समाधान किया है--यही प्रमाता मायावशसे मोहाच्छन्न होनेहीसे, कर्म्मबन्धनग्रस्त और उसका निर्बन्धनसंसारीहोते हैं । और जब विद्यादि सहायतासे ऐश्वर्य्यपरिज्ञात और निरवच्छिन्न चित्तसत्तामें आविष्ट होते हैं. तब मुक्त होजाते हैं ॥ २३ ॥

ननु प्रमेयस्य प्रमातृभिन्नत्वे बन्धमुक्त्योः प्रमेयं प्रति को विशेषः अत्राप्युत्तरमुक्तं तत्त्वार्थसंग्रहाधिकारे—

मेयं साधारणं मुक्तः स्वात्माभेदेन मन्यते ।
महेश्वरो यथा बद्धः पुनरत्यन्तभेदवादिति ॥ २४ ॥

DRRUPNATHJI(DRRUPAK NATH)

यदि कहोकि, प्रमेय प्रमातासे अभिन्न है। सुतरां, प्रमेयके प्रतिबन्धमुक्तिका विशेष क्या? तत्त्वार्थसंग्रहाधिकारमें इसविषयमें भी उत्तरदियाहैः—आत्मा और मुक्तस्वरूप महेश्वर साधारण प्रमेयको अभेदरूप ज्ञानकरता है। किन्तु जब उक्तरूपसे बद्धहोते हैं, तब पुनः अत्यन्त भेद तुल्य करते हैं ॥ २४ ॥

नन्वात्मनः परमेश्वरत्वं स्वाभाविकं चेन्मार्थः प्रत्यभिज्ञाप्रार्थनया न हि बीजमप्रत्यभिज्ञातं सति सहकारिसाकल्ये अङ्कुरं नोत्पादयति। तस्मात् कस्माद्धात्मप्रत्यभिज्ञाने निर्बन्ध इति चेदुच्यते। शृणु तावदिदं रहस्यं, द्विविधा ह्यर्थक्रिया बाह्याङ्कुरादिका प्रमातृविश्रान्तिचमत्कारसारा प्रीत्यादिरूपा च। तत्राद्या प्रत्यभिज्ञानं नापेक्षते, द्वितीया तु तदपेक्षत एव। इहाप्यहमीश्वर इत्येवम्भूतचमत्कारसारा परापरसिद्धिलक्षणजीवात्मैकत्वशक्तिविभूतिरूपार्थक्रियेति स्वरूपप्रत्यभिज्ञानमपेक्षणीयम् ॥२५॥

यदि कहो कि; आत्माका परमेश्वरत्व स्वभावसे सिद्ध है। सुतरां प्रत्यभिज्ञा प्रार्थनाका प्रयोजन नहीं है, अप्रत्यभिज्ञातबीज क्या सहकारी सबको समवायसे अंकुर उत्पादन नहीं करता? अतएव किसलिये आत्मप्रत्यभिज्ञानमें निर्बन्ध? यह बात सत्यतो है। किन्तु इसमम्बन्धमें रहस्य है। सो सुनो। अर्थ क्रिया दोप्रकारकी है प्रथम, बाह्यांकुरादिका और द्वितीय, प्रमातृ विश्रान्ति चमत्कारसारा और प्रीत्यादिरूपा है। उनमें प्रथम, प्रत्यभिज्ञानकी किसप्रकार अपेक्षा नहीं रखती। किन्तु द्वितीय, सर्व्वथा उसकी अपेक्षा करती। मैं भी वही ईश्वर इत्याकारमें एवं भूत जो चमत्कार सारा अर्थक्रिया परापर सिद्धरूप जीव और आत्मा दोनोंकी ऐक्यशक्ति विभूतिस्वरूप, उसमें प्रत्यभिज्ञान सर्व्वथा अपेक्षणीय होता है ॥ २५ ॥

ननु प्रमातृविश्रान्तिसारार्थक्रिया प्रत्यभिज्ञानेन विना दृष्टा सती तस्मिन् दृष्टेति क्व दृष्टम्। अत्रोच्यते, नायकगुणगणसंश्रवणप्रवृद्धानुरागा काचन कामिनी मदनविह्वला विरहक्लेशमसहमाना मदनलेखावलम्बं ननु स्वावस्थानिवेदनानि विधत्ते तथा वेगात् तन्निकटमटत्यपि तस्मिन्नवलोकितेऽपि तदवलोकनं तदीयगुण परामर्शाभावे जनमाधारणत्वं प्रति हृदयङ्गमभावं न लभते। यदा तु मूर्त्तिवचनात तदीयगुणपरामर्शं करोति तदा तत्क्षणमेव पूर्णभावमश्नुते। एवं स्वात्मनि विश्वेश्वरात्मना भासमानेऽपि

तन्निर्भासनं तदीयगुणपरामर्शविरहसमयं पूर्णं भावं न सम्पादयति यदा तु गुरुवचनादिना सर्वज्ञत्वसर्वकर्तृत्वादिलक्षणपरमेश्वरोत्कर्षपरामर्शो जायते तदा तत्क्षणमेव पूर्णात्मतालाभः। तदुक्तं चतुर्थे विमर्शे—

तैस्तैरप्युपयाचितैरुपनतस्तस्याः स्थितोऽप्यन्तिके
कान्तो लोकसमान एवमपरिज्ञातो न रन्तुं यथा।
लोकस्यैष तथानपेक्षितगुणः स्वात्मापि विश्वेश्वरो
नवायं निजवैभवाय तादियं तत्प्रत्यभिज्ञोदिता इति ॥२६॥

यदि कहोकि, प्रमातृ विश्रान्तिसारा अर्थ क्रिया प्रत्यभिज्ञात्व बिना नहीं दीखता यह कहां देखा और कैसे जाना? इसका उत्तर यह है जो नायकके गुणागुण सविशेष सुनकर अनुराग अत्यन्त बढ़कर कोई कामिनी मदन विह्वलाहो विरहक्लेश न सहनकर मदनलेखन अवलम्बन कर, अपनी अवस्थाका निवेदन करती है। एव वह नायक दृष्टिविषयमे उपस्थित होकर, मनके वेगसे उसके निकटमें भी भ्रमणकरताहै। किन्तु यदि नायकके गुणश्रवणका अभाव होता है, तो उसका अवलोकन जनसाधारणत्व प्राप्त होजाताहै, उसकामिनीका हृदयङ्गमभाव नहीं पासकता है। इसप्रकार स्वात्मा विश्वेश्वरात्मद्वारा भासमान होनेपरभी वह निर्भासन, उल्लिखित विश्वेश्वरात्माका गुणपरामर्श विरहसमयमे पूर्णभावसे परिणतनहीं होताहै। किन्तु जिससमय गुरुवचनादिद्वारा परमेश्वरका सर्वज्ञत्वभी सर्वकर्तृत्वादि स्वरूपउत्कर्ष परामृष्ट होताहै उससमय तत्क्षण पूर्णात्मताप्राप्त होती है। चतुर्थविमर्शमे यह विषय कहाहैः—नायकका गुण यदि जाना न जावे तो, सो साधारणलोकमें गण्य होनेसे उस २उपयाचितद्वारा उपनीत और निकटमें अवस्थित होनेसे भी, कामिनीके मनोरञ्जनमें समर्थ नहीं होता, इसप्रकार महेश्वर स्वात्मस्वरूप होनेपरभी गुणपरामर्श विरहसे लोकके निकट निजवैभवप्रकाशपूर्वक उसका हृदयाकर्षण नहीं करता। इसीकारण प्रत्यभिज्ञाकी अवतारणा हुई है ॥ २६ ॥

अभिनवगुप्तादिभिराचार्यैर्विहितप्रतानोऽपि अयमर्थः संग्रहमुपक्रममाणैरस्माभिर्विस्तरभिया न प्रतानित इति सर्वं शिवम् ॥२७॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहे प्रत्यभिज्ञादर्शनं समाप्तम् ॥ ८ ॥

अभिनवगुप्तादि आचार्यगणने इसविषयमें सविस्तार वर्णनकिया है। हमलोग केवल संग्रहमें प्रवृत्त हैं। इसकारण विस्तारभयसे इसविषयको अधिक न बढ़ाकर यहीं समाप्त किया ॥२७॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहमें प्रत्यभिज्ञादर्शन समाप्त हुआ ॥ ८ ॥

DR PURNANAND RUPAK NATH

अथ रसेश्वरदर्शनम् ॥ ९ ॥

अपरे माहेश्वराः परमेश्वरतादात्म्यवादिनोऽपि पिण्डस्थैर्य्ये सर्वाभिमता जीवन्मुक्तिः सेत्स्यतीत्यास्थाय पिडस्थैर्य्योपायं पारदादिपदवेदनीयं रसमेव सङ्किरन्ते । रसस्य पारदत्वं संसारपरपारप्रमाणहेतुत्वेन । तदुक्तम्—

संसारस्य परं पारं दत्तेऽसौ पारदः स्मृत इति ॥ १ ॥

कोई २ माहेश्वरसम्प्रदायवाले परमेश्वरके तादात्म्यको मानकरभी, पिण्डस्थैर्यमें अर्थात् इसदेहको यदि किसीप्रकार अविकृत अवस्थामें रक्खाजाता,तो सब लोगोंके अभिमत जीवन्मुक्ति मिलसकती है, इस सहारेसे, पारदआदि शब्दवेद्य रसकोही पिण्डस्थैर्यका उपाय कहकर निर्देश करते हैं । क्योंकि, रस संसारका परपारप्राप्तिका कारण है । इसकारण उसका नाम पारद हुआ है उसीप्रकार कहा है:—संसारका परपार प्रदानकरता है, इसकारण पारद कहते हैं ॥ १ ॥

रसार्णवेऽपि—

पारदो गदितो यस्मात्सूतार्थं साधकोत्तमैः ।
सुप्तोऽयं मत्समो देवि मम प्रत्यङ्गसम्भवः ॥ २ ॥

रसार्णवमें कहा है:— देवि ! यह मेरे समान एवं मेरेप्रत्यङ्गसे समुद्भूत हुआ है । इसलिये साधक श्रेष्ठ सुप्तस्वभाव इसको पारद कहते हैं ॥ २ ॥

मम देहरसो यस्माद्रसस्तेनायमुच्यते इति ॥ ३ ॥

अधिक क्या, यहमेरे देहका रसहै । इसी कारण इसको रसभी कहते हैं ॥ ३ ॥

प्रकारान्तरेणापि जीवन्मुक्तियुक्तो नेयं वाचो युक्तियुक्तमतीति चेन्न षड्स्वपि दर्शनेषु देहपातानन्तरं मुक्तेरुक्तत्वा तत्र विश्वासानुपपत्त्या निर्विचिकित्सप्रवृत्तेरनुपपत्तेः । तदप्युक्तं तत्रैव—

षड्दर्शनेऽपि मुक्तिस्तु दर्शिता पिण्डपातने ।
करामलकवत्सापि प्रत्यक्षा नोपलभ्यते ।
तस्मात्तं रक्षयेत्पिण्डं रसेश्चैव रसायनैरिति ॥ २ ॥

यदि कहो कि, अन्यप्रकारसे भी जीवन्मुक्ति होसकती है सुतरां, यह बात युक्तियुक्त नहीं होसकती । विशेषतः षड्दर्शनोंमें भी देहपातके पीछे मुक्तिकी बात कही गयी है । इसकारण

उसमें अविश्वास होजाता एवं इसीकारण किसीकी उसमें निःसन्देह प्रवृत्तिभी नहीं होसकती है। उसीमें यहभी कहागया है, छः दर्शनोंमें शरीरत्यागके पीछे मुक्तिका होना कहा है। यह मुक्ति हस्तामलककी नाईं प्रत्यक्ष होनेपरभी, नहीं प्राप्त होती। इसी लिये रस और रसायनकी सहायतासे पिण्डकी रक्षा करनी ॥ ४ ॥

गोविन्दभगवत्पादाचार्य्यैरपि—

इति धनशरीरभोगान्मत्वा नित्यान्सदैव यतनीयम्।
मुक्तौ सा च ज्ञानात्तच्चाभ्यासात्स च स्थिरे देहे इति ॥ ५ ॥

गोविन्दभगवत्पादाचार्य्येने भी कहाहै इसप्रकार धन, शरीर, भोग, सब नित्य जानकर सदा ही मुक्तिके लिये यत्न करना चाहिये ॥ यह मुक्ति ज्ञानद्वारा प्राप्त कियी जाती है। ज्ञान अभ्याससे मिलता है। देह स्थिरभाव सिद्धनेही पर यह, अभ्याससंग्रह होता है ॥ ५ ॥

ननु विनश्वरतया दृश्यमानस्य देहस्य कथं नित्यत्वमनुमीय तइति चेन्मैवं संस्थाः षाट्कौशिकस्य शरीरस्यानित्यत्वे रसाभ्रकपदाभिलप्यहरगौरीसृष्टिजातस्य नित्यत्वोपपत्तेः। तथा च रसहृदये—

ये चात्यक्तशरीरा हरगौरीसृष्टिजान्तरं प्राप्ताः।
वन्द्यास्ते रससिद्धा मन्त्रगणः किङ्करो येषामिति ॥ ६ ॥

यदि कहो कि, सम्पूर्ण संसारही विनश्वर है। तो ऐसा कहनेसे यह दृश्यमान देह नित्यकरकर, किस प्रकार मानाजावे ! ऐसा कभी नहीं समझना। षट्कौशिक इसदेहके अनित्य होनेपर भी, रसाभ्रकपदवाच्य हरगौरी सृष्टिजातका नित्यत्व उपपन्न होता है। और उसी प्रकार रसहृदयमें कहा है;—जिन लोगोंने इस शरीरसे हरगौरीका सृष्टि जान्तर पाया है वेही लोग रससिद्ध है। एवं इसीकरण सब लोगोंको वन्दनीय है। सबही मंत्र उनके किङ्कर हैं ॥ ६ ॥

तस्माज्जीवन्मुक्तिं समीहमानेन योगिना प्रथमं दिव्यतनुर्विधेया हरगौरीसृष्टिसंयोगजनितत्वञ्च रसस्य हरजत्वेनाभ्रकस्य गौरीसम्भवत्वेन तत्तदात्मकत्वमुक्तम्।

अभ्रकस्तव वीजन्तु मम वीजन्तु पारदः।
अनयोर्मेलनं देवि मृत्युदारिद्र्यनाशनमिति ॥ ७ ॥

DR.RUPNATHJI(DR.RUPAK NATH)

इसकारण जीवन्मुक्तके अभीलाषी योगीपुरुष दिव्य देह विधान करेंगे । हरसे रस उत्पन्न और गौरीसे अभ्रक उत्पन्न हुआ है । इसीकारण दोनोंको हरगौरीके मृष्टिके संयोगसे उत्पन्न और उसको निबन्धन तदात्मक कहकर निर्दिष्ट हुआ है, जैसे-- हे देवि ! अभ्रक तुम्हारा रज और पारद मेरा बीज है । इन दोनोंका मिलन मृत्यु और दरिद्रताको दूर करता है ॥ ७ ॥

अत्यल्पमिदमुच्यते देवदैत्यमुनिमानवादिषु बहवो रससामर्थ्याद्दिव्यं देहमाश्रित्य जीवन्मुक्तिमाश्रिताः श्रूयन्ते । रसेश्वरसिद्धान्ते—

देवाः केचिन्महेशाद्या दैत्याः कंसपुरःसराः ।
मुनयो वालखिल्याद्या नृपाः सोमेश्वरादयः ॥ ८ ॥

यह तो सामान्य बात है । देव, दैत्य, मुनि, मनुष्यादिमेंभी अनेक लोगोंने रसके प्रभावसे दिव्यदेह धरकर जीवन्मुक्ति पायी है, रसेश्वर सिद्धान्तमे सुनाताता है कि, महेशादि कोई २ देवगण, कंसादि दैत्यगण, वालखिल्यादि ऋषिगण, सोमेश्वरादि राजागण ॥ ८ ॥

गोविन्दभगवत्पादाचार्यो गोविन्दनायकः ।
चर्वटिः कपिलो व्याडिः कापालिः कन्दलायनः ॥ ९ ॥

गोविन्द भगवत पादाचार्य, गोविन्दनायक, चर्व्वटि, कपिल, व्याडि, कापालि, कन्दलायन ॥ ९ ॥

एतेऽन्ये बहवः सिद्धा जीवन्मुक्ताश्चरन्ति हि ।
तनुं रसमयीमाप्य तदात्मककथाचणा इति ॥ १० ॥

येतोग एवं अन्यान्य अनेक व्यक्ति सिद्ध और जीवन्मुक्त होकर, रसमय शरीर पाकर विचरण करते हैं ॥ १० ॥

अयमेवास्यार्थः परमेश्वरेण परमेश्वरीं प्रति प्रपञ्चितः ।
कर्मयोगेन देवेशि प्राप्यते पिण्डधारणम् ।
रसश्च पवनश्चेति कर्मयोगो द्विधा स्मृतः ॥ ११ ॥

DR.RUPNATH (DR.RUPAK NATH)

मूर्च्छितो हरति व्याधीन्मृतो जीवयति स्वयम् ।
बद्धः खेचरतां कुर्य्याद्रसो वायुश्च भैरवीति ॥ १२ ॥

रस और वायु मूर्छित होनेपर व्याधि सब हरण करते हैं, स्वयं मरनेपर, जीवनदान करते हैं, बद्धहोनेसे खेचरत्व सम्पादन करते हैं ॥ १२ ॥

मूर्च्छितस्वरूपमप्युक्तम्—
नानावर्णो भवेत्सूतो विहाय घनचापलम् ।
लक्षणं दृश्यते यस्य मूर्छितं तं वदन्ति हि ॥ १३ ॥

मूर्च्छितका स्वरूपभी कहा है;—जिसका घनत्व और चपलत्व नहीं, इसप्रकार अनेकवर्णके रसको मूर्छित कहते है ॥ १३ ॥

आर्द्रत्वञ्च घनत्वञ्च तेजो गौरवचापलम् ।
यस्यैतानि न दृश्यन्ते तं विद्धान्मृतसूतकमिति ॥ १४ ॥

आर्द्रत्व और घनत्व और तेज गौरव चपलत्व ये सब जिसमें नहीं देखाजावे उसका नाम मृतसूतक, जानना ॥ १४ ॥

अन्यत्र बद्धस्वरूपमप्यभ्यधायि—
अक्षतश्च लघुद्रावी तेजस्वी निर्मलो गुरुः ।
स्फोटनं पुनराक्षेपो बद्धसूतस्य लक्षणमिति ॥ १५ ॥

अन्यत्र बद्धका रूपभी कहा है:, अक्षत, लघुद्रावी, तेजोविशिष्ट, निर्म्मल और गुरु, यही बद्धसूतकका लक्षण है ॥ १५ ॥

ननु हरगौरीसृष्टिसिद्धौ पिण्डस्थैर्य्यमास्थातुं पार्य्यते तत्सिद्धिरेव कथमिति चेन्न अष्टादशसंस्कारवशात्तदुपपत्तेः ।
तदुक्तमाचार्य्यैः—
तस्य हि साधनविधौ सुधियां प्रति कर्म निर्मलाः प्रथमम् ।
अष्टादश संस्कारा विज्ञातव्याः प्रयत्नेनेति ॥ १६ ॥

यदि कहो कि, महादेव और पार्वतीके सृष्टि सिद्धि होनेपर, पिण्डस्थैर्य किया जासकता । इसमें उत्तर यह है कि, वह सिद्धि किसप्रकार सम्पन्न होसकती है ! इसका उत्तर यह है कि, १८ संस्कार द्वारा उसकी उत्पत्ति होजाती है । आचार्यगणने सब कहा है—इसके साधन करनेपर सुधीगण, पहले प्रथम १८ संस्कारको जानें ॥ १६ ॥

DR.RUPNATH(DR.RUPAK NATH)

ते च संस्कारा निरूपिताः--

स्वेदनमर्दनमूर्च्छनस्थापनपातननिरोधनियमाश्च ।
दीपनगमनग्रासप्रमाणमथ जारणा पिधानम्
गर्भद्रुतिबाह्यद्रुतिक्षारणसरागसारणाश्चैव ।
क्रामणवेधौ भक्षणमष्टादशधेति रसकर्मेति ॥ १७ ॥

उन संस्कारको विषयमें कहाजाता है:--स्वेदन, मर्दन, मूर्च्छन, स्थापन, पातन, निरोधन, दीपन, गमन, ग्रसन, प्रमाण, जारण, पिधान, गर्भद्रुति, बाह्यद्रुति, क्षारण, क्रमण, वेध, भक्षण, ये प्रकार रसकर्म्मके हैं ॥ १७ ॥

तत्प्रपञ्चस्तु गोविन्दभगवत्पादाचार्य्यसर्वज्ञरामेश्वरभट्टारकप्रभृतिभिः प्राचीनैराचार्य्यैर्निरूपित इति ग्रन्थभूयस्त्वभयादुदारयते॥ न च रसशास्त्रं धातुवादार्थमेवेति मन्तव्यं देहवेधद्वारा मुक्तेरेव परमप्रयोजनत्वात् । तदुक्तं रसार्णवे--

लोहवंधस्त्वया देव यद्वतः परमीशितः ।
त्वं देहवेधमाचक्ष्व येन स्यात् खेचरी गतिः ॥ १८ ॥

गोविन्दभगवत्पादाचार्य और सर्वज्ञ रामेश्वर भट्टारक प्रभृति प्राचीन आचार्योंने इसका सविस्तर वर्णनकिया है । ग्रन्थविस्तारभयसे यहां अधिक नहीं लिखागया । रसशास्त्रको केवल धातुवादार्थ समझना उचित नहीं क्योंकि इसकेद्वारा देहवेधपूर्वक मुक्तिरूप परमप्रयोजन सिद्धहोता है । रसार्णवमें कहा है;--हे देव । जिसके द्वारा खेचरीगति सिद्ध होती है, वही देहवेधका कीर्तन करें ॥ १८ ॥

यथा लोहे तथा देहे कर्त्तव्यः मृतकः सता ॥ १९ ॥

जिसप्रकार लोहेमें उसीप्रकारदेहमें मृतकप्रयोगकरना साधुलोगोंको कर्त्तव्य है ॥ १९ ॥

सस्नानं कुरुते देवि अत्ययं देहलोहयोः ।
एवं लोहे परीक्षेत पश्चाद् देहे प्रयोजयेदिति ॥ २० ॥

DR.RUPNATHJI(DR.RUPNATH)

गलितानल्पविकल्पः सर्वाध्वविवर्जितश्चिदानन्दः।
स्फुरितोऽप्यस्फुरिततनोः करोति किं जन्तुवर्गस्येति॥२१॥

यदि कहोकि, सच्चिदानन्दमय परतत्वके विस्फुरणद्वारा, मुक्तिसिद्धहोती है।सुतरां दिव्यशरीर सम्पादनके निमित्त परिश्रमका क्या प्रयोजन? इसका उत्तर यह है जो, यह वर्तमानदेह अवार्त्त अर्थात् मट्टीकीनाईं सर्व्वथा स्फूर्तिशून्य है। सुतरां मृत्तिकादिमें सूर्य्यकिरण किसीप्रकार प्रतिफलितनहीं होती, यह जड़देहमेभी उसीप्रकार चैतन्यज्योतिकी प्रस्फुरण सम्भावना नहीं। रसहृदयमें भी कहाहैः--सर्व्वविध सम्प्रदायही जो परम अभीष्ट रूपसे उल्लिखित हुआ है। एव जिसमे किसीप्रकार लेशमात्र विकल्पभी नहीं, वही चिदानन्द स्फुरित होनेपरभी अस्फुरित देहविशिष्ट जन्तुगणका क्या करसकता? ॥ २१ ॥

यं जरया जर्जरितं कासश्वासादिदुःखविवशदश्च।
योग्यं तं न समाधौ प्रतिहतबुद्धीन्द्रियप्रसरम्॥२२॥

विशेषतः, जो व्यक्ति बुढापा कारण एकमात्र जर्जरित, कासश्वासादि दुःखसे अवसादित उसके कारणसे समाधिसाधनमें सर्व्वथा अनुपयुक्त, एवं सर्व्वथा बुद्धि और इन्द्रिय प्रसार विवर्जित हुआहै, चिदानन्द उसका क्या करसकते? ॥ २२ ॥

बालः षोडशवर्षो विषयरसास्वादलम्पटः परतः।
यातविवेको वृद्धो मर्त्यः कथमाप्नुयान्मुक्तिमिति च॥२३॥

बालक. अथवा विषय रसास्वादमें नितान्त कामुकचित्त १६ वर्षका युवा या विवेक बहिष्कृत बुढाही किस प्रकार मुक्ति पावेगा? इसीकारण, दिव्यदेहकी आवश्यकताहै, ॥२३॥

ननु जीवत्वं नाम संसारित्वं तद्विपरीतत्वं मुक्तत्वं तथाच परस्परविरुद्धयोः कथमेकायतनत्वमुपपन्नं स्यादिति चेत्तदनुपपन्नं विकल्पानुपपत्तेः। मुक्तिस्तावत् सर्वतीर्थकरसम्मता। सा किं ज्ञेयपदे निविशते न वा चरमे शशविषाणकल्पा स्यात् प्रथमे न जीवनंवर्जनीयसर्जीवतो ज्ञातृत्वानुपपत्तेः। तदुक्तं। रसेश्वरसिद्धान्ते—

रसाङ्गमेयमार्गोक्तो जीवयोगोऽस्त्यधोमनाः।
प्रमाणान्तरवादेषु युक्तिभेदावलम्बिषु॥

ज्ञानज्ञेयमिदं विद्धि सर्वमन्त्रेषु सम्मतम् ।
न जीवन् ज्ञास्यति ज्ञेयं यदतोऽस्त्येव जीवनमिति ॥ २४ ॥

यदि कहो कि, जीवशब्दसे संसारी; और मुक्तशब्दसे उसके विपरीत । अतएव परस्पर विरुद्ध दो पदार्थ किस प्रकार एकस्थानमें रहसकते हैं ? इसका उत्तर यह है जो, मुक्ति जब शास्त्रमें और सब सम्प्रदायमें एकवाक्यसे मानाहै, तो सन्देहके अभाव वशात्, इसप्रकार पूर्वपक्षभी नहीं हो सकता । इस समय पूछना यही है, जो वह मुक्ति क्या ज्ञेयपदमें विनिविष्ट या चरममें शशविषाण अर्थात् खरहेके सींगकी नाईं सर्व्वथा कल्पनामात्र होता है । ज्ञेय पदमें विनिविष्ट होनेसे, जीवन छोडना उचित नहीं क्यों कि, अजीवितका ज्ञातृत्व सर्वथा असम्भवहै । रसेश्वर सिद्धान्तमें कहा है- भिन्न २ प्रमाणवाद भिन्न २ युक्तिसम्पन्न सब प्रकारके तन्त्रही उसप्रकार ज्ञात ज्ञेय प्रतिपादित हुआ है । इसमें किसीका मतभेद नहीं । फलता जीवित न रहनेसे, ज्ञेय विषय विदित नहीं होता इसीकारणजीवनका प्रयोजन है ॥ २४ ॥

न चेदमदृष्टचरमिति ॥ मन्तव्यं विष्णुस्वामिमतानुसारिभिः नृपश्चास्य शरीरस्य नित्यत्वोपपादनात् । तदुक्तं साकारसिद्धौ—

सच्चिन्नित्यनिजाचिन्त्यपूर्णानन्दैकविग्रहम् ।
नृपञ्चास्यमहं वन्दे श्रीविष्णुस्वामिसम्मतमिति ॥ २५ ॥

इसप्रकार जीवन्मुक्तित्व अदृष्टचरहोनेपरभी मन्तव्य नहीं । विष्णुस्वामीके मतानुसार गणने हारे शरीरके नित्यत्व उपपादित किया है साकारसिद्धिमें कहा है जो सत्स्वरूप, चित्स्वरूप, नित्यस्वरूप, एवं नित्य अचिन्त्यपूर्ण आनन्दही जिसका एकमात्र विग्रह श्रीविष्णुस्वामि सम्मत इसीपर देवता और उसके रूपकी वन्दना करता हूं ॥ २५ ॥

नन्वेतत् सावयवं रूपवद्दृश्यमानं मृक्कणौरवाङ्गं सदिति न सङ्गच्छत इत्यादिनाक्षेपपुरःसरं सनकादिप्रत्यक्षं सहस्रशीर्षा पुरुष इत्यादिश्रुतिः, तमद्भुतं बालकमम्बुजेक्षणं चतुर्भुजं शंख-गदाद्युदायुधमित्यादिपुराणलक्षणेन प्रमाणत्रयेण सिद्धं नृपञ्चाननाङ्गं कथमसत् स्यादिति । गदादीनि विशेषणानि गर्भेश्वरैकान्तमिश्रैः विष्णुस्वामिचरणपरिणतान्तःकरणैः प्रतिपादितानि । तस्मादस्मदिष्टदेहनित्यत्वमन्यन्तादृङ्न भवतीति पुरुषार्थैकामुकैः पुरुषैरेतदेव्यम् ।

DR RUPANATHJI DR RUPAKNATHJI

अतएवोक्तम्—

आयतनं विद्यानां मूलं धर्मार्थकाममोक्षाणाम् ।
श्रेयः परं किमन्यच्छरीरमजरामरं विहायैकमिति ॥ २६ ॥

सहस्रशीर्षापुरुष इत्यादि श्रुति अनुसार स्पष्टही जाना जासकता है कि, सनकने उसको प्रत्यक्ष किया था पुराणमेभी कहा है, वह शंख गदा आदि आयुध भूषित; चतुर्भुज विशिष्ट कमललोचन, अद्भुताकृतिबालकको इत्यादि इन सब प्रमाणोंसे उक्तवाक्य किसप्रकार मिथ्या होसकता है ? विष्णुस्वामीके चरणपरिणतान्तःकरणगर्भ श्रीकान्तमिश्रने उल्लिखित सच्चित-प्रभृति विशेषण सब प्रतिपादित किया है । इन कारणोंसे हमारा अभीष्ट देह नित्यत्व अत्यन्त अदृष्ट नही है । अतएव, पुरुषार्थ प्रार्थी पुरुष वर्ग इसकी अवश्य कामना और सन्धानादि करेंगे । इसीलिये कहा है कि,-- एकमात्र अजरामर शरीरको त्यागकर, अन्य और ऐसा क्या है. जो सब विद्याओंका घर, धर्म्म अर्थ काम और मोक्षका मूल एवं परमश्रेयस्वरूप हो सकता है ॥ २६ ॥

अजरामरीकरणसमर्थश्च रसेन्द्र एव । तदाह—

एकोऽसौ रसराजः शरीरमजरामरं कुरुत इति ॥ २७ ॥

रसेन्द्रही केवल इसप्रकार अजरामर करनेमें समर्थ है । उन्होंने भी कहा है:-- एकमात्र यह रसराजही शरीरको अजर और अमर करता है ॥ २७ ॥

किं वर्ण्यते रसस्य माहात्म्यं दर्शनस्पर्शनादिनापि महत्फलं भवति ।

तदुक्तं रसार्णवे—

दर्शनात् स्पर्शनात्तस्य भक्षणात् स्मरणादपि ।
पूजनाद्रसदानाच्च दृश्यते षड्विधं फलम् ॥ २८ ॥

इसका माहात्म्य और क्या कहा जावेगा ? इसका दर्शन और स्पर्शनादिद्वारा महाफल हो सकता है । रसार्णवमेंभी कहा है,— रसका स्पर्शन; दर्शन, भक्षण और स्मरण एवं पूजन और रस दान करनेपरभी छः प्रकार फल लाभ होता है ॥ २८ ॥

केदारादीनि लिङ्गानि पृथिव्यां यानि कानिचित् ।
तानि दृष्ट्वा तु यत्पुण्यं तत्पुण्यं रसदर्शनादित्यादिना ॥२९॥

पृथिवीमे केदारादि जो जो लिङ्ग हैं उनके दर्शनसेभी रसदर्शनका फल अधिक है इत्यादि । २९ ।

DR.RUPNATHJI (DR.RUPAK NATH)

अन्यत्रापि—

काश्यादिसर्वलिङ्गेभ्यो रसलिंगार्चनं शिवम् ।
प्राप्यते येन तल्लिङ्गं भोगारोग्यामृतामरमिति ॥ ३० ॥

अन्यत्र कहा भी है,--केदार आदि सबसेकारलिङ्ग अपेक्षा रसलिङ्गका अर्चनकरनाही परममङ्गल कारक है। यहलिङ्ग मिलनेपर, भोग, आरोग्य, अमृत और अमरत्व लाभ होता है ॥ ३० ॥

रसनिन्दायाः प्रत्यवायोऽपि दर्शितः ।
प्रमादाद्रसनिन्दायाः श्रुतावेनं स्मरेत् सुधीः ।
द्राक् त्यजेन्निन्दकं नित्यं निन्दया पूरितोऽशुभमिति ॥ ३१ ॥

रसकी निन्दा करनेपर पाप होता है । वहभी दिखलाया है,--प्रमादवशतः रसकी निन्दा सुननेसे, पण्डित लोग इसका स्मरण और उसीक्षण निन्दकको त्याग करना चाहिये। ऐसी निन्दासे निंदक अशुभ परम्परासे पूर्ण होजाता है ॥ ३१ ॥

तस्मादस्मदुक्तया रीत्या दिव्यं देहं सम्पाद्य योगाभ्यासवशात् परतत्त्वे दृष्टे पुरुषार्थप्राप्तिर्भवति । तदा—

भ्रूयुगमध्यगतं यत् शिखिविद्युत्सूर्य्यवज्जगद्भासि ।
केषाञ्चित् पुण्यदृशामुन्मीलति चिन्मयं ज्योतिः ॥ ३२ ॥

इसलिये हमारी कही हुई रीत्यनुसारणपूर्वक दिव्यदेह सम्पादनकर, योगाभ्यासके वश परतत्वके दर्शन होनेसे, पुरुषार्थकी प्राप्ति होती है । तब--जो दोनों भौंके बीच होकर, अग्नि-बिजुली, और सूर्य्यकी नाईं सम्पूर्ण जगत, आभासित करता है, कोई २ महात्मा पुण्यात्मा आदिके दृष्टि गोचर चिन्मय ज्योति उन्मीलित होती है ॥ ३२ ॥

परमानन्दैकघनं परमं ज्योतिः स्वभावमविकल्पम् ।
विगलितसकलक्लेशज्ञेयं शान्तं स्वसंवेद्यम् ॥ ३३ ॥

इस परमज्योतिमें परमानन्द एकमात्र रसरूपसे विराजते हैं । वह स्वभावतः निर्विकल्प है उसके प्रभावसे सबही क्लेश विगलित होजाता है वह स्वसंवेद्य और शान्तरूप परम अद्वैत जानने योग्य है ॥ ३३ ॥

तस्मिन्नाधाय मनः स्फुरदखिलं चिन्मयं जगत् पश्यन् ।
तस्मन्नकर्मबन्धो ब्रह्मत्वमिहैव चाप्नोतीति ॥ ३४ ॥

उसमें मन लगाकर, परमस्फूर्ति विशिष्ट, अखिल चिन्मय जगत देखते हुए [illegible] पश्चात् उसैतन्मयपूर्वक इस शरीरमें ब्रह्मत्व पाता है ॥ ३४ ॥

DR.RUPANJUL DR.RUPANJALI

श्रुतिश्च—

रसो वै सः रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवतीति ॥ २५ ॥

श्रुतिमें कहाहै, वह रसस्वरूप है । यह रसलाभ करनेपर, आनन्दी होजाता है ॥२५॥

तदित्थं भवेदन्यदुःखभरतरणोपायो रस एवेति सिद्धम् ।
तथा च रसस्य परब्रह्मणा साम्यमिति प्रतिपादकः श्लोकः ।
यः स्यात् प्रावरणाविमोचनधियां साध्यः प्रकृत्या पुनः
सम्पन्नो सहते न दीव्यति परं वैश्वानरे जाग्रति ।
जातो यद्यपरं न वेदयति च स्वस्मात् स्वयं द्योतते
यो ब्रह्मैव स दैन्यसंसृतिभयात् पायादसौ पारद इति ॥२६॥
इति सर्वदर्शनसंग्रहे रसेश्वरदर्शनं समाप्तम् ॥ ९ ॥

इसप्रकार रस जो दुःखभारपरिहार विचारका उपाय है, सो सिद्ध हुआ । और परब्रह्मके, साथ रसका साम्य प्रतिपादनकर श्लोकभी लिखा है—यह पारा वा पारद साक्षात ब्रह्म है । दैन्य और संसृति भयसे रक्षा करता । यह ब्रह्मकी नाईं स्वयंही विद्योतित है । स्थूलदेहरूपी आवरणको हटानेकी अभिलाषा करनेवाले योगी ब्रह्मकी नाईं इसकी साधना करें । फिर, यह ब्रह्मकी नाईं प्रकृतिसम्पन्न होता है । वैश्वानरकी जाग्रत् अवस्थामें उसकेसाथ ब्रह्मकी नाईं क्रीडा करता है ॥ २६ ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहमें रसेश्वरदर्शन समाप्त हुआ ॥ ९ ॥

अथौलूक्यदर्शनम् ॥ १० ॥

इह खलु निखिलप्रज्ञावन्निसर्गप्रतिकूलवेदनीयतया निखिलात्मसंवेदनसिद्धं दुःखं जिहासंस्तज्ज्ञानोपायं जिज्ञासुः परमेश्वरसाक्षात्कारमुपायमाकलयति ।

यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयन्तीह मानवाः ।

DR.RUPNATHJI DR.RUPNATH

परमेश्वर साक्षात्कारकोही वह उपाय कहकर वर्णन किया है । जैसे--मनुष्यगण आकाशको चामकी नाई वेष्टनकर शिवज्ञानशून्य होनेपर, उन लोगोंको दुःखका नाश न होगा ॥ १ ॥

इत्यादिवचननिचयप्रामाण्यात् परमेश्वरसाक्षात्कारश्च श्रवणमननभावनाभिर्भावनीयः । यदाह—

आगमेनानुमानेन ध्यानाभ्यासबलेन च ।
त्रिधा प्रकल्पयन् प्रज्ञां लभते योगमुत्तमामिति ॥ २ ॥

आगम, अनुमान, और ध्यानके अभ्यासके बलसे, इन तिन उपायोंसे प्रज्ञा प्रकल्पित करसकनेहीसे, उत्कृष्टयोग होता है ॥ २ ॥

तत्र मननमनुमानाधीनं, अनुमानञ्च व्याप्तिज्ञानाधीनं, व्याप्तिज्ञानञ्च पदार्थविवेकसापेक्षम्—

अतः पदार्थषट्कम् । अथातो धर्मं व्याख्यास्याम इत्यादिकायां दशलक्षण्यां कणभक्षेण भगवता व्यवस्थापि । तत्राह्निकद्वयात्मके प्रथमेऽध्याये समवेताशेषपदार्थकथनमकारि । तत्रापि प्रथमाह्निके जातिमन्निरूपणं, द्वितीयाह्निके जातिविशिष्टयोर्निरूपणम्, अह्निकद्वययुक्ते द्वितीयेऽध्याये द्रव्यनिरूपणम् । तत्रापि प्रथमाह्निके भूतविशेषगुणलक्षणं, द्वितीये दिक्कालप्रतिपादनम् । आह्निकद्वययुक्ते तृतीये आत्मान्तःकरणलक्षणम् । तत्राप्यात्मलक्षणं प्रथमे द्वितीये अन्तःकरणलक्षणम्, आह्निकद्वययुक्ते चतुर्थे शरीरतदुपयोगिविवेचनम् । तत्रापि प्रथमे तदुपयोगिविवेचनं, द्वितीये शरीरविवेचनम् । आह्निकद्वयवति पञ्चमे कर्मप्रतिपादनम् । तत्रापि प्रथमे शरीरसम्बन्धिकर्मचिन्तनं, द्वितीये मानसकर्मचिन्तनम् । आह्निकद्वयशालिनि षष्ठे श्रौतधर्मनिरूपणम् । तत्रापि प्रथमे दानप्रतिग्रहधर्मविवेकः, द्वितीये चानुगाश्रम्योचितधर्मनिरूपणम् । तथाविधे सप्तमे गुणसमवायप्रतिपादनम् । तत्रापि प्रथमे बुद्धिनिरूपेक्षगुणप्रतिपादनं, द्वितीये तत्सापेक्षगुणप्रतिपादनं, समवायप्रतिपादनञ्च । अष्टमे निर्वि-

DR. RUPNATH (DR. RUPAK NATH)

कल्पकसविकल्पकप्रत्यक्षप्रमाणचिन्तनम्। नवमे बुद्धिविशेषप्रतिपादनम्। दशमे अनुमानभेदप्रतिपादनम् ॥ २ ॥

उनमें मनन अनुमानके आधीन, अनुमान व्याप्तिज्ञानके आयत्त एवं व्याप्तिज्ञानपदार्थ विवेकके सापेक्षहै इसीकारण भगवान् कणादने, अनन्तर इसकारण धर्म्मव्याख्या करूंगा, इत्यादि कहकर-उसलक्षणोंसे छःप्रकार पदार्थोंको व्यवस्थापित किया है। उनमें दो आन्हिकवाले पहिले अध्यायमें सम्पूर्ण समवेत पदार्थोंका कथन कियाहै। इसमें पहिले आन्हिकमें जातिनिरूपण और द्वितीय आन्हिकमें जाति और विशेष दोनोंका निरूपण कियाहै। दो आन्हिकवाले द्वितीय अध्यायमें सब द्रव्योंका निरूपण उसमें पहिले आन्हिकमें भूतविशेषलक्षण, द्वितीयमें दिशाकालका प्रतिपादन कियाहै। आन्हिकवाले तृतीय अध्यायमें आत्मा और अन्तःकरणका लक्षण उनमें प्रथम आन्हिकमें आत्माके लक्षण और द्वितीयमें अन्तःकरणका लक्षण निरूपित हुआ है। दो आह्निकयुक्त चौथे अध्यायमें शरीर और उसके उपयोगी विवेचन उनमें प्रथम आह्निकमें उसके उपयोगी विवेचन और द्वितीयमें शरीरका विवेचन किया है। दो आह्निकयुक्त पञ्चम अध्यायमें कर्म्म प्रतिपादन, उनमें प्रथम आह्निकमें शरीरसम्बन्धी चिन्तन और द्वितीय आह्निकमें मनः सम्बन्धी कर्म चिन्तन किया है। आन्हिकद्वययुक्त छठा अध्यायमें श्रौतधर्म्म निरूपण उनमें प्रथम अध्यायमें दान और प्रतिग्रह धर्म्मविवेक, द्वितीय अध्यायमें चार आश्रमोंका विहित धर्म्मनिरूपण, इसप्रकार आन्हिकद्वययुक्त सप्तम अध्यायमें गुणसमवायप्रतिपादन उनमें प्रथम अध्यायमें बुद्धि निरपेक्ष गुणप्रतिपादन और द्वितीय अध्यायमें बुद्धिसापेक्ष गुणप्रतिपादन और समवायप्रतिपादन किया है। अष्टम अध्यायमें निर्विकल्प और प्रत्यक्षप्रमाण चिन्तन नवम अध्यायमें बुद्धिविशेषप्रतिपादन और दशम अध्यायमें अनुमानभेद प्रतिपादन कहा है॥ २ ॥

तत्र उद्देशो लक्षणं परीक्षा चेति त्रिविधास्य शास्त्रस्य प्रवृत्तिः। ननु विभागापेक्षया चातुर्विध्ये वक्तव्ये कथं त्रैविध्यमुक्तमिति चेन्मैवं संस्थाः विभागस्य विशेषोद्देश एवान्तर्भावात्। तत्र द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवाया भावा इति पड़ेव ते पदार्था इत्युद्देशः ॥ १ ॥

DR. RUPNATH (DR. RUPAK NATH)

किमत्र क्रमनियमे कारणम् उच्यते समस्तपदार्थायतनत्वेन प्रधानस्य द्रव्यस्य प्रथममुद्देशः । अनन्तरं गुणत्वोपाधिना सकलद्रव्यवृत्तेर्गुणस्य तदनु सामान्यवत्त्वसाम्यात् कर्मणः पश्चात्त्रितयाश्रितस्य सामान्यस्य तदनन्तरं समवायाधिकरणस्य विशेषस्य अन्ते अवशिष्टस्य समवायस्येति क्रमनियमः ॥ ५ ॥

यहां क्रमनियमका कारण क्याहै कहाजाता है । द्रव्य, सब पदार्थोंका आयतन होनेसे प्रधान है । इसकारण प्रथमही उसका उद्देशकर, अनन्तर सब द्रव्यवृत्तिका गुणत्व उपाधि है इसीकारण गुणका उद्देश्य किया है । इसके पीछे सामान्यवत्त्व साम्यवशतः कर्म्मका, पीछे उक्त तीनके आश्रित सामान्यका, तदनन्तर समवायाधिकरण विशेष अन्तमें अवशिष्ट समवायका उद्देश किया गया । यही क्रमनियमका कारण है ॥ ५ ॥

ननु षडेव पदार्थाः इति कथं कथ्यते अभावस्यापि सद्भावादिति चेन्मैवं वोचः नञर्थानुल्लिखितधीविषयतया भावरूपतया षडेवेति विवक्षितत्वात् । तथापि कथं षडेवेति नियम उपपद्यते विकल्पानुपपत्तेः । तथाहि नियमद्रव्यवच्छेद्यं प्रमितं न वा प्रमितत्वे कथं निषेधः अप्रमितत्वे कथन्तरां, न हि कश्चित् प्रेक्षावान् मूषिकविषाणं प्रतिषेद्धुं यतते । ततश्चानुपपत्तेर्नो नियम इति चेन्मैवं संपीष्टाः सप्तमतया प्रमिते अन्धकारादौ भावत्वस्य भावतया प्रमिते शक्तिसंख्यादौ सप्तमत्यस्य च निषेधादिति कृतं विस्तरेण ॥ ६ ॥

येही छः पदार्थ हैं, यह किसप्रकार कहा जासकता क्योंकि, अभावकाभी सद्भाव है । किन्तु ऐसा नहीं कहसकते । इसका कारण यह है जो नञ्अर्थसे अनुल्लिखित बुद्धिविषयतासे छःही इत्यादिविवक्षित हुआ है । अर्थात् इन सबकी बुद्धिविषयताका अभाव नहीं । लोकमें सहजही बुझसकते हो, इसकारण विशेषरूपसे निर्धारण किया गयाहै । तथापि, किसप्रकार छःही इसप्रकार नियम किया जासकता । ऐसे करनेपर, सन्देहकी और उपपत्ति नहीं । उसीप्रकार, जिस नियमके विषयीभूत, उसके प्रमित क्या, अप्रमित ? प्रमित होनेपर किसप्रकार निषेध होसकता ? और अप्रमित हैनहीपर किसप्रकार निषेध सम्भवपर होता ?

DHARMAYUDDHRUPAKNATH

कौन बुद्धिमान् पुरुष मूषिकके विषाण (सींग) को प्रतिषेध करनेके लिये यत्न करता? इसकारण अनुपपत्तिवशात् नियम नहीं किया जासकता । किन्तु ऐसा नहीं कहसकते । उसका कारण यह है जो सप्तम कहकर परिगणित अन्धकारादिमें भावत्वका भावत्व है । उसकेद्वारा प्रमित शक्तिसंख्यादिमें सप्तमत्वका निषेध होता है । विस्तारसे प्रयोजन नहीं॥ ६॥

तत्र द्रव्यादित्रितयस्य द्रव्यत्वादिर्जातिर्लक्षणम् । द्रव्यत्वं नाम गगनारविन्दसमवेतत्वे सति नित्यगन्धासमवेतम् । गुणत्वं नाम समवायिकारणासमवायिकारणभिन्नसमवेतसत्तासाक्षाद्व्याप्य-जातिः । कर्मत्वं नाम नित्यसमवेतत्वसहितसत्तासाक्षाद्व्याप्यजातिः । सामान्यन्तु प्रध्वंसप्रतियोगित्वरहितमनेकसमवेतम् । विशेषो नामान्योन्याभावविरहेसामान्यरहितः समवेतः । समवायस्तु समवायरहितः सम्बन्ध इति षण्णां लक्षणानि व्यवस्थितानि ॥ ७ ॥

द्रव्यत्वादि जाति उल्लिखित द्रव्यादि त्रितयका लक्षण अर्थात् जिसमें द्रव्यत्व है, उसका नाम द्रव्य है जिसमें गुणत्व है, उसका नाम गुण एवं जिसमें कर्म्मत्व है, उसका नाम कर्म्म है, द्रव्यत्वशब्दसे आकाश और पद्मका समवेतत्व है। नित्यगन्धमें सो नहीं । अर्थात् अनित्य पदार्थही सुतरां पद्मका गन्ध कहनेसे पद्मका द्रव्यत्व नहीं समझना । इसप्रकार समवायिकारण. असमवायिकारण भिन्न समवेत सत्ताद्वारा जो साक्षात् सम्बन्धमें व्याप्त है, उसका नाम गुण है । कर्म्मत्व कहनेसे. यही समझना चाहिये, नित्यसमवेतत्व सत्ता साक्षात्व्याप्यजाति है । जिसमें प्रध्वंसकी प्रतियोगिता नहीं इसप्रकार अनेक समवेतत्वका नाम सामान्य है । विशेषशब्दसे परस्परका अभावहीन सामान्य विहीन समवेत समवाय शब्दसे जिसमें समवाय नहीं इसप्रकार सम्बन्ध इसप्रकार छः पदार्थका लक्षण व्यवस्थित हुआ है ॥ ७ ॥

द्रव्यं नवविधं पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशकालदिगात्ममनांसीति । तत्र पृथिव्यादिचतुष्टयस्य पृथिवीत्वादिजातिर्लक्षणम् । पृथिवीत्वं नाम पाकजरूपवत्त्वानाधिकरण्यद्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यजातिः । अप्त्वं नाम सरित्सागरसमवेतत्वे सति सलिलसमवेतं सामान्यम् तेजस्त्वं नाम चन्द्रचामीकरसमवेतत्वे सति ज्वलनसमवेतं सामान्यम् । वायुत्वं नाम [illegible]

DR. RUPNATH JI (DR. RUPAK NATH)

द्रव्याप्यजातिः । आकाशकालदिशामेककत्वादपरजात्यभावे पारिभाषिक्यस्तिस्रः संज्ञा भवन्ति, आकाशः कालो दिगिति । संयोगाजन्यजन्यविशेषगुणसमानाधिकरणविशेषाधिकरणमाकाशम् । विभुत्वे सति दिग्समवेतपरत्वासमवायिकारणाधिकरणः कालः । अकालत्वे सत्यविशेषगुणा महती दिक् । आत्ममनसोरात्मत्वमनस्त्वे । आत्मत्वं नाम अमूर्त्तसमवेतद्रव्यत्वापरजातिः । मनस्त्वं नाम द्रव्यसमवायिकारणत्वरहिताणुसमवेतद्रव्यत्वापरजातिः ॥ ८ ॥

द्रव्य नव ९ प्रकारका है, पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश, काल, दिक्, आत्मा, और मन । उनमें पृथिवीत्वादि जाति पृथिवी प्रभृति चतुष्टयका लक्षण अर्थात, जिसमे पृथिवीत्व है, उसका नाम पृथिवी है पृथिवीत्व शब्दसे पाकजरूप समानाधिकरण द्रव्यत्वद्वारा साक्षात् सम्बन्धमें व्याप्यजाति समझना चाहिये पाकज शब्दसे हांड़ी प्रभृति ॥ जो सरित सागरादिमें सलिलरूपसे समवेत हुआ है, उसका नाम आप्त्व है । इस प्रकार तेजत्व कहनेसे, यह समझना चाहिये जो चन्द्रमा और स्वर्णादितेजः पदार्थोंमें ज्वलनाकारसे समवेत हुआ है ॥ वायुत्व शब्दसे त्वक् इन्द्रियके द्वारा अनुभूत होता है, इसप्रकार द्रव्यव्याप्य जाति है आकाश काल और दिशा इनका एकत्ववशात् अपरजाति नहीं । सुतरां, इनकी पारिभाषिक संज्ञा तीन प्रकारकी होती है । जैसे, आकाश, काल और दिशा । उनमे जिस किसी प्रकार पदार्थके संयोगसे उत्पन्न नहो, इसप्रकार जन्यविशेष एव जिसमें गुणसमानाधिकरण और विशेषाधिकरण है, उसका नाम आकाश है । जो विभुत्व सम्पन्न जो सब दिशाओंमें समवेत नही एवं जिसमें असमवायिकारणका अधिकरण हो उसका नाम काल है । जिसका कालत्व नही और विशेषगुणभी नही उसका नाम दिशाहै । जिसका आत्मत्व है, उसका नाम आत्मा एवं जिसका मनस्त्व है, उसका नाम मन है । उनमें आत्मत्व शब्दसे अमूर्त समवेत द्रव्यत्व नहीं, अर्थात् जो मूर्त्तिहीन है, वही आत्मा है इसप्रकार जिसमें द्रव्यत्व समवायिकारणत्व नहीं, इसप्रकार अणुसमवेत द्रव्यत्व अर्थात मन कहनेसे यह समझना चाहिये, समवायिकारणत्व विरहित अणुरूप पदार्थकोही मन कहते है ॥ ८ ॥

रूपरसगन्धस्पर्शसंख्यापरिमाणपृथक्त्वसंयोगविभागपरत्वापरत्वबुद्धिसुखदुःखेच्छाद्वेषप्रयत्नाश्च कण्ठोक्ताः सप्तदश च शब्दमुच्चिताः गुरुत्वद्रव्यत्वस्नेहसंस्कारादृष्टशब्दाः सैतेवेत्येवं चतुर्वि-

DR.RUPNATH JHA

शतिर्गुणाः। तत्र रूपादिशब्दान्तानां रूपत्वादिजातिर्लक्षणम्। रूपत्वं नाम नीलसमवेतगुणत्वापरजातिः। अनया दिशा शिष्टानां लक्षणानि द्रव्यानि ॥ ९ ॥

उनमे रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व अपरत्व, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, गुरुत्व, द्रव्यत्व, स्नेह, संस्कार, अदृष्ट, शब्द येही २४ गुण पदार्थ है ॥ उनमे रूपसे शब्द पर्य्यन्त पदार्थका रूपत्वादि जाति ही लक्षण है अर्थात् जिसका रूपत्व है उसका नाम रूप। इसप्रकार रसत्व है उसका नाम रस इत्यादि उनमें रूपशब्दसे नील समवेत गुणत्वापरजाति। इसका भावार्थ यह है कि नील पीतादि वर्णसे जो समवेत है, जो न रहनसे उस २ वर्णकी प्रतिमा नही होती, उसका नाम रूपत्व है। इसी प्रकार इत्यादि अन्यान्य पदार्थोंका लक्षण करलेना ॥ ९ ॥

कर्म पञ्चविधम् उत्क्षेपणावक्षेपणाकुञ्चनप्रसारणगमनभेदात्। भ्रमणरेचनादीनां गमन एवान्तर्भावः। उत्क्षेपणादीनामुत्क्षेपणत्वादिजातिर्लक्षणम्। तत्र उत्क्षेपणं नाम ऊर्द्ध्वदेशसंयोगासमवायिकारणप्रमेयसमवेतकर्मत्वापरजातिः। एवमवक्षेपणादीनां लक्षणं कर्त्तव्यम् ॥ १० ॥

कर्म्म पांचप्रकारके हैं, जैसे उत्क्षेपण, अवक्षेपण, आकुञ्चन, प्रसारण, गमन, भ्रमण और रेचनादि व्यापार सब गमनके अन्तर्गत हैं। इसकारण उन सबका भिन्न २ उल्लेख नही हुआ उनमें जिसमें उत्क्षेपणत्व है। उसका नाम उत्क्षेपण है। उत्क्षेपणत्व कहनेसे यह समझना चाहिये जो ऊर्द्ध्वदेशसंयोग। वह असमवायि कारणद्वारा प्रमित होता है। इसप्रकार अवक्षेपणादि लक्षण करना चाहिये ॥ १० ॥

सामान्यं द्विविधं परमपरञ्च। परं सत्ता द्रव्यगुणसमवेता गुणकर्मसमवेता वा, अपरं द्रव्यत्वादितल्लक्षणं प्रागेवोक्तम्। विशेषाणामनन्तत्वात् समवायस्य चैकत्वाद्विभागो न सम्भवति। तल्लक्षणञ्च प्रागेवावादि ॥ ११ ॥

सामान्य दोप्रकार एक पर और अपर। उनमें जो द्रव्यगुणसे समवेत या जो गुणकर्म्मसे समवेत होती है, उसीका नाम पर है। एवं अपरशब्दसे द्रव्यत्वादि। उसका लक्षण पूर्वही कहा गया है। विशेष अनन्त नही। एक समवायकाभी द्वितीयत्व नही। वह एकमात्र स्वरूप। इसकारण इन दोनोंका विभागसम्भव नही। इनका लक्षण पहिले कहागया ॥ ११ ॥

DR. PURNAHJI, DR. PUJA NATHJI

द्वित्वे च पाकजोत्पत्तौ विभागे च विभागजे ।
यस्य न स्खलिता बुद्धिस्तं वै वैशेषिकं विदुरिति ॥ १२ ॥

द्वित्व, पाकजोत्पत्ति, विभागजविभाग, इन सबमें जिसकी बुद्धि स्खलित नहीं होती, उसीको वैशेषिक कहते हैं ॥ १२ ॥

अभाणकस्य सद्भावात् द्वित्वाद्युत्पत्तिप्रकारः प्रदर्श्यते । तत्र प्रथममिन्द्रियार्थसन्निकर्षस्तस्मादेकत्वसामान्यज्ञानं, ततोऽपेक्षाबुद्धिः, ततो द्वित्वोत्पत्तिस्ततो द्वित्वसामान्यज्ञानं तस्माद्वित्वगुणज्ञानं ततः संस्कारः ॥ १३ ॥

द्वित्वप्रभृतिका उत्पत्तिका प्रकार दिखलाया जाता है । उनमें पहिले इन्द्रियविषयका सन्निकर्ष, उससे एकत्वसामान्यका ज्ञान, अनन्तर अपेक्षाबुद्धि पीछे द्वित्वोत्पत्ति, उसके अनन्तर द्वित्वसामान्यज्ञान उससे द्वित्वगुणज्ञान अनन्तर संस्कार उत्पन्नहोता है ॥ १३ ॥

तदाह—

आदाविन्द्रियसन्निकर्षघटनादेकत्वसामान्यधी-
रेकत्वोभयगोचरा मतिरतो द्वित्वं ततो जायते ।
द्वित्वत्वप्रमितिस्ततोऽनुपरतो द्वित्वप्रमानन्तरं
द्वे द्रव्ये इति धीरियं निगदिता द्वित्वोदयप्रक्रियेति ॥ १४ ॥

उसीप्रकार कहा भी है,—आदिमें इन्द्रियसन्निकर्षघटनासे एकत्व सामान्य बुद्धिकी घटनाका उदय होता है । उसके परकालमें एकत्वका उभयगोचर ज्ञान उत्पन्न होता है । उससे द्वित्वकी उत्पत्ति होती है । अनन्तर द्वित्वत्व प्रमिति, पश्चात् द्वित्वप्रमा अनन्तर, दो पदार्थ, इसप्रकार बुद्धिका उदय होता है । इसीका नाम द्वित्वोदय प्रक्रिया है ॥ १४ ॥

द्वित्वादेरपेक्षाबुद्धिजन्यत्वे किं प्रमाणम् । अत्राहुराचार्याः—
अपेक्षाबुद्धिर्द्वित्वादेरुत्पादिका भवितुमर्हति व्यञ्जकत्वानुपपत्तेः ।
तेनानुविधीयमानत्वात् शब्दं प्रति संयोगवदिति ॥ १५ ॥

द्वित्वादि जो अपेक्षा बुद्धिजनित है, इसविषयका प्रमाण क्या ? इसके उत्तरमें आचार्य्योंने कहा है कि, अपेक्षा बुद्धिही द्वित्वादिकी उत्पादिकाहै इसका कारण यहहै जो उसमें व्यञ्जकत्व की उत्पत्ति है । शब्द जिसप्रकार दो वस्तुओंके संयोगसे उत्पन्न होता उसीप्रकार द्वित्वादि अपेक्षा बुद्धिके संयोगसे समुद्भूत होता है । हमारे मतसे अनेकाश्रित गुणत्वसमतः से

DR.RUPANATH(DR.RUPANATH)

पार्थक्यादिका प्रकाश होता है अर्थात् पृथक् कहनेहीसे जैसे अनेकके आश्रित रहकर प्रतीति उत्पन्न होती है। उसी प्रकार दो कहनेसे, दो एकका ज्ञान होता है । यह ज्ञान नित्य है। अर्थात् चिरकालही दो एकसे दो होता है, इसप्रकार बुद्धिका उदय होता है ॥ १५ ॥

वयन्तु ब्रूमः द्वित्वादिकमेकत्वद्वयविषयानित्यबुद्धिव्यङ्ग्यं न भवति अनेकाश्रितगुणत्वात् पृथक्त्वादिवादिति ।

निवृत्तिक्रमो निरूप्यते । अपेक्षाबुद्धित एकत्वसामान्यज्ञानस्य द्वित्वोत्पत्तिसमकालं निवृत्तिः अपेक्षाबुद्धेर्द्वित्वसामान्यज्ञानात् द्वित्वगुणबुद्धिसमसमयं द्वित्वस्यापेक्षाबुद्धिनिवृत्तेर्द्रव्यबुद्धिसमकालं गुणबुद्धेः द्रव्यबुद्धितः संस्कारोत्पत्तिसमकालं द्रव्यबुद्धेस्तदनन्तरं संस्कारादिति तथा च संग्रहश्लोकाः ।

आदावपेक्षाबुद्ध्या हि नश्येदेकत्वजातिधीः ।
द्वित्वोदयसमं पश्चात् सा च तज्जातिबुद्धितः ॥ १६ ॥

इससमय निवृत्तिका क्रम निरूपित होता है। अपेक्षाबुद्धिसे द्वित्वोत्पत्तिका समकालमें ही सामान्यतः एकत्व ज्ञानकी उत्पत्ति होती है । उसीप्रकार सामान्यतः द्वित्वज्ञान उत्पन्न होनेसे द्वित्वगुण बुद्धिकी सत्ताकालहीमें अपेक्षाबुद्धि निवृत्त हो जाती है। अपेक्षा बुद्धि निवृत्त होनेपर, ज्योंही द्रव्यबुद्धिका उदय होता है, उसके तुल्यही कालमें द्वित्वका लय होता है। द्रव्यबुद्धिसे संस्कारोत्पत्तिके समकालमें गुणबुद्धिकी निवृत्ति होती है संग्रहश्लोकमें यों कहाहै, जैसे आदिमें अपेक्षाबुद्धिसे एकत्व जातिबुद्धिका विनाश होता है । पश्चात् द्वित्वोदयके तुल्य समयमें तज्जातिबुद्धिसे अपेक्षाबुद्धिका लय होताहै ॥ १६ ॥

द्वित्वास्यगुणधीकाले ततो द्वित्वं निवर्त्तते ।
अपेक्षाबुद्धिनाशेन द्रव्यधीजन्मकालतः ॥ १७ ॥

द्वित्वगत गुणबुद्धिके उदयसमयमें द्वित्वकी निवृत्ति होती है । द्रव्यबुद्धिके जन्म समयमें अपेक्षबुद्धिका नाश होनेपर ऐसा संघटित होता है ॥ १७ ॥

गुणबुद्धिर्द्रव्यबुद्ध्या संस्कारोत्पत्तिकालतः ॥
द्रव्यबुद्धिश्च संस्कारादिति नाशक्रमो मत इति ॥ १८ ॥

द्रव्यबुद्धिके साथ संस्कारोत्पत्तिके समयमें गुणबुद्धिका विनाश होता है। अनन्तर संस्कारसे उत्पन्न द्रव्यबुद्धिकी निवृत्ति होजातीहै । यही निवृत्तिका क्रम है ॥ १८ ॥

बुद्धेर्बुद्ध्यन्तरविनाश्यत्वे संस्कारविनाश्यत्वे च प्रमाणं विवादाध्यासितानि ज्ञानानि उत्तरोत्तरकार्य्यविनाश्यानि क्षणिकविभुविशेषगुणत्वात् शब्दवत् । द्रव्यारम्भकसंयोगप्रतिद्वन्द्विविभागजनककर्मसमकालमेकत्वसामान्याचिन्तया आश्रयनिवृत्तेरेव द्वित्वनिवृत्तिः कर्मसमकालमपेक्षाबुद्धिचिन्तनादुभाभ्यामिति संक्षेपः ।

अपेक्षाबुद्धिर्नाम विनाशकविनाशप्रतियोगिनी बुद्धिरिति बोद्धव्यम् ॥ १९ ॥

अपरबुद्धिको हृदय और संस्कारके आविर्भावसे जो बुद्धिका विनाश होता है, उसविषयमें परस्पर विरुद्धज्ञान सबहीप्रमाणहै। वह२ज्ञान उत्तरोत्तर कार्य्यद्वारा विनष्ट होताहै। इसविषयमें शब्दही दृष्टान्तहै शब्दही आकाशका गुण विशेषहै। वह क्षणिकहै। क्योंकि, एकशब्दके परे और एकशब्दकी उत्पत्ति होनेहीसे, प्रथमोत्पन्न शब्दका विनाश होताहै। उसप्रकार एकविषयके ज्ञानके परे अपरविषयके ज्ञान होनेपर प्रथम ज्ञानका नाश होता है । विभागजनक कर्म्ममात्रही द्रव्यारम्भक संयोगका प्रतिद्वन्द्वी है। इसकर्म्मके समकालमें एकत्वसामान्य चिन्ताद्वारा आश्रयका विनाश एवं अपेक्षाबुद्धिकी चिन्ता इन दोनोंप्रकारके कारणोंसे द्वित्वकी विनिवृत्ति होती है । संक्षेपमें इसीप्रकार कहा जाता है । विनाशक और विनाश्य इन दोनोंकी प्रतियोगिनी बुद्धिका नाम अपेक्षा बुद्धिहै । अर्थात् जिस बुद्धिसे विनाशक और विनाश्य दोनोंका पृथक् आकारसे ज्ञान हो उसीको अपेक्षाबुद्धि कहते हैं ॥ १९ ॥

अथ द्व्यणुकनाशमारभ्य कतिभिः क्षणैः पुनरन्यद्द्व्यणुकमुत्पद्य रूपादिमद्भवतीति जिज्ञासायामुत्पत्तिप्रकारः कथ्यते । नोदनादिक्रमेण द्व्यणुकनाशः, नष्टे द्व्यणुके परमाणावग्निसंयोगात् श्यामादीनां निवृत्तिः, निवृत्तेषु श्यामादिषु पुनरन्यस्मादग्निसंयोगाद्रक्तादीनामुत्पत्तिः उत्पन्नेषु रक्तादिषु अदृष्टवदात्मसंयोगात् परमाणौ द्रव्यारम्भणाय क्रिया, तया पूर्वदेशाद्विभागः, विभागेन पूर्वदेशसंयोगनिवृत्तिः, तस्मिन्निवृत्ते परमाण्वन्तरेण संयोगोत्पत्तिः, संयुक्ताभ्यां परमाणुभ्यां द्व्यणुकारम्भः, आरब्धे द्व्यणुके कारणगुणादिभ्यः कार्य्यगुणादीनां रूपादीनामुत्पत्तिः

DR.RUPNATH(DR.RUPAK NATH)

रिति यथाक्रमं नव क्षणाः। दशक्षणादिप्रकारान्तरं विस्तरभया-न्नेह प्रतन्यते। इत्थं पीलुपाकप्रक्रियां पीठपाकप्रक्रिया तु नैया-यिकधीसम्मता॥ २०॥

इससमय द्व्यणुकके विनाशसे पुनः अन्य द्व्यणुककी उत्पत्ति होती है। रूपादिका आवि-र्भाव होता है। ऐसे प्रक्षकी अपेक्षामें उत्पत्ति प्रकार कहा जाता है। परस्पर संचालनादि क्रमसे द्व्यणुकका नाश होता है। अर्थात् दो अणु एकत्र होकरहै। सो किसीप्रकार चालित होनेपर, परस्पर वियुक्त होताहै। उसीमें द्व्यणुकका नाश होता है द्व्यणुकके नष्ट होनेपर, परमाणुमें अग्निके संयोगवशतः श्यामादिकी निवृत्ति होती है। श्यामादिकी निवृत्ति होनेपर, फिर अन्यप्रकार अग्निसंयोगसे रक्तादिकी उत्पत्ति होती है। रक्तादि उत्पन्न होनेपर अदृष्टकी नाईं आत्मसंयोगवशसे परमाणुमें द्रव्यकी आरम्भजन्य उत्पत्ति होतीहै। उसीके द्वारा पूर्व्व देशसे विभाग होताहै। विभागके द्वारा पूर्व्वदेशके संयोगकी निवृत्ति होती है। संयोगनिवृत्त होनेपर, अन्यपरमाणुकी सहायतासे संयोगकी और उत्पत्ति होतीहै। इसप्रकार दो प्रमाणुकें संयोगसे द्व्यणुकका आरम्भ होताहै। द्व्यणुकके आरम्भ होनेसे कारणगुणादिसे कार्य्यगुणादि रूपादिकी उत्पत्ति होतीहै। येही नवक्षणहैं। अर्थात् इसप्रकार नवक्षणहीमें रूपादिका उद्भव होताहै। इसके अतिरिक्त, कोई २ देश क्षणादि प्रकारभेद निर्देश करते हैं। बाहुल्यभयसें उसका विस्तारनहीं किया गया। एवं प्रकार अणु और द्व्यणुककी सिद्धि प्रक्रियाही नैयायि-कोंकी बुद्धिसम्मत है॥ २०॥

विभागजविभागो द्विविधः कारणमात्रविभागजः कारणाकार-णविभागजश्च। तत्र प्रथमः कथ्यते। कार्य्यव्याप्ते कारणे कर्मो-त्पन्नं यदावयवान्तराद्विभागं विधत्ते न तदाकाशादिदेशाद्विभागः यदा त्वाकाशादिदेशाद्विभागः न तदावयवान्तरादिति स्थिति-नियमः कर्मणो गगनविभागाकर्तृत्वस्य द्रव्यारम्भकसंयोगाविरो-धिविभागारम्भकत्वेन धूमस्य धूमध्वजवर्गेणैव व्यभिचारानुप-लम्भात् ततश्चावयवकर्म अवयवान्तरादेव विभागं करोति नाकाशादिदेशात् तस्माद्विभागाद्द्रव्यारम्भकसंयोगनिवृत्तिः। ततः कारणाभावात् कार्य्याभाव इति न्यायादवयविनिवृत्तिः, निवृत्तेऽवयविनि तत्कारणयोरवयवयोर्वर्त्तमानो विभागः कार्य्य-विनाशविशिष्टं कालं स्वतन्त्रं वावयवमपेक्ष्य सक्रियस्यैवावयव-

DR RUPNATH JOHA

स्य कार्य्यसंयुक्तादाकाशदेशाद्विभागमारभते न निष्क्रियस्य कारणाभावात् ॥ २१ ॥

विभागज विभाग दो प्रकारका है कारणमात्र विभागज है और कारणाकारणविभागज है। उनमें पहिले कारणमात्र विभागजका विवरण किया जाता है कारण कार्य्यव्याप्त होनेपर, कर्म्म उत्पन्न होकर जिससमय अवयवान्तरसे विभाग विधान करता है, उस समय आकाशादि देशका विभाग नहीं होता । समझोकि, एकपात्र, उसको तोड़कर विभागकरने-पर उसके अवयवहोका परस्पर वियोग होता है । किन्तु उसके भीतर जो आकाश है—उसका विभाग नहीं होता वह जैसाका तैसा रहताहै । जिससमय आकाशादि देशसे विभाग होताहै, उस समय अवयवान्तरादिसे विभाग नहीं होता। यही स्थितिका नियमहै । आकाश विभाग जिस कर्म्मका कर्त्ता नहीं है उस पक्षमें किसी प्रकार अन्यथाभाव नहीं है । इस कर्म्मके द्वारा जो द्रव्यसमुत्पादक संयोगका व्याघात साधक विभाग संवदित होताहै, उसीसे प्रमाणित होताहै । अनन्तर अवयवकर्म्म अवयवान्तरसे विभाग विधान करताहै, अकाशादिदेशसे नहीं । उल्लिसित विभागसेही द्रव्यान्तरके संयोगकी निवृत्ति होतीहै । अनन्तर "कारणके अभावसे कार्य्यका अभाव होता है" इत्यादिन्याय अनुसार अवयवीकी निवृत्ति होती है । अवयवीकी निवृत्ति होनेपर, उसका कारणस्वरूप दोनों अवयवोंका वर्त्तमान विभाग समुत्पादित होता है । उसीसे कार्य्यविनाश विशिष्ट और कालसे स्वतन्त्र अवयवकी अपेक्षा कर, क्रियायुक्त अवयवका कार्य्यसंयुक्त आकाशदेशसे विभाग निहित होता है। कारण के अभावसे क्रियाहीन अवयव का विभाग नहीं होता ॥ २१ ॥

द्वितीयस्तु हस्ते कर्मोत्पन्नमवयवान्तराद्विभागं कुर्वत् आकाशादिदेशेभ्यो विभागमारभते । ते कारणाकारणविभागाः कर्म यां दिशं प्रति कार्य्यारम्भाभिमुखं तामपेक्ष्य कार्य्याकार्य्यविभागमारभते यथा हस्ताकाशविभागाच्छरीराकाशविभागः । न चासौ शरीरक्रियाकार्य्यस्तदा तस्य निष्क्रियत्वात् नापि हस्तक्रियाकार्य्यः व्यधिकरणस्य कर्मणो विभागकर्तृत्वानुपपत्तेः । अतः पारिशेष्यात् कारणाकारणविभागस्य कारणत्वमङ्गीकरणीयम् ॥ २२ ॥

अधुना दूसरा प्रकार कहा जाता है । हस्तमें कर्म्म उत्पन्न होकर अवयवान्तरसे विभाग विधान करते हुए आकाशादि देशसे विभाग सबका समाधान करता है, उसी सबका नाम कारणाकारण विभाग है, कर्म्म जो दिशाके प्रतिकार्य्यके आरम्भनमें अभिमुख होता है, उसी

DR. RUPNATH JHA

अपेक्षा कर, कार्य्याकार्य्यविभाग संसाधित करताहै, जिस प्रकार, हाथके आकाश विभागसे शरीराकाश विभाग। वह शरीर क्रियाका कार्य्य नहीं। क्योंकि, तत्काल उसकी किसी प्रकार क्रिया नहीं रहती। और वह हस्तक्रिया कार्य्य नहीं है क्योंकि, अधिकरण शून्य, कर्म्मका विभागकर्तृत्व कहां? अतएव परिशेष्यसे कारणाकारणविभागके कारणत्व अवश्य मानने योग्यहैं ॥ २२ ॥

यदवादि अन्धकारादौ भावत्वं निषिध्यत इति तदसङ्गतं तत्र चतुर्द्धाविवादसम्भवात्। तथाहि द्रव्यंतम इति भट्टाः वेदान्तिनश्च भणन्ति आरोपितं नीलरूपमिति श्रीधराचार्य्याः आलोकज्ञानभाव इति प्रभाकरैकदेशिनः आलोकाभाव इति नैयायिकादयः इति चेत्तत्र द्रव्यत्वपक्षो न घटते विकल्पानुपपत्तेः द्रव्यं भवदन्धकारं द्रव्याद्यन्यतममन्यद्वा नाद्यः अत्रान्तर्भावोऽस्य तस्य यावन्तो गुणास्तावद्गुणकत्वप्रसङ्गात् न च तमसो द्रव्यबहिर्भाव इति साम्प्रतं निर्गुणस्य तस्य द्रव्यत्वासम्भवेन द्रव्यान्तरत्वस्य सुतरामसम्भवात् ॥ २३ ॥

अन्धकारादि, भाव पदार्थ नहीं है, वह अभाव पदार्थ है, इसप्रकार जो कहा गया है, सो सङ्गत नहीं उसमें चारप्रकारका विवाद सम्भव होताहै। इसी प्रकार, भट्ट और वेदान्तियोंके मतसे अन्धकार द्रव्यहै। श्रीधर आचार्यगणने आरोपित नीलरूप कहा है। प्रभाकर एकदेशियोंके मतसे आलोकज्ञानका अभाव अन्धकार है। नैयायिकादिके मतसे आलोकका अभावही अन्धकार है। अन्धकार कभी द्रव्य नहीं होसकता। क्योंकि, ऐसा होनेसे विकल्पकी अनुपपत्ति होती है। अन्धकार द्रव्य होनेपर, वह क्षित्यादिसे अन्यतम या अन्य इसप्रकार प्रश्नकी सम्भावना होजाती है। इसके उत्तरमें अन्यतम नहीं कहा जा सकता। क्योंकि, यह अन्धकार जिसके भीतर रहता है। उसका सब गुण इसमें संसक्त रहता है। दूसरे पक्षमें अन्धकारसे द्रव्य बाहर नहीं। क्योंकि, वह निर्गुण है। सुतरां वह द्रव्य हो नहीं सकता। जो द्रव्य नहीं, उसकी और द्रव्यान्तरकी सम्भावना कहां? ॥ २३ ॥

ननु तमालश्यामलत्वेनोपलभ्यमानं तमः कथं निर्गुणं स्यादिति नीलं नभः इतिवत् भ्रान्तिरेवेत्यलं वृद्धवीक्षया। अतएव नारोपितरूपं तमः अधिष्ठानप्रत्ययमन्तरेणारोपायोगात् बाह्यालोकसहकारिरहितस्य चक्षुषो रूपारोपे सामर्थ्यानुपलम्भाच्च। न चायमचाक्षुषः प्रत्ययः तदनुविधानस्यानन्यथासिद्धत्वात्। न च विधिप्रत्ययवेद्यत्वायोगो भावे इति साम्प्रतं प्रलयविनाशा-

DR RUPNATH JHA DR RUPAK NATH

वधानादिषु व्यभिचारात्। अतएव नालोकज्ञानाभावः अभावस्य प्रतियोगिग्राहकेन्द्रियग्राह्यत्वनियमेन मानसत्वप्रसङ्गात्। तस्मादालोकाभाव एव तमः न चाभावे भावधर्माध्यारोपो दुरुपपादः दुःखाभावे सुखत्वारोपस्य संयोगाभावे विभागत्वाभिमानस्य च दृष्टत्वात् ॥ २४ ॥

यदि कहो कि, तमालवृक्षकी श्यामलता द्वारा जब अन्धकारकी उपलब्धि होती है तो वह किसप्रकार निर्गुणहो सकता ? इसका उत्तर यह है कि, नील आकाश, इसकी नाईं वह भ्रान्तिमात्र है । अर्थात् आकाशका कोई रङ्ग नहीं । भ्रमहीसे उसमें नील, पीतादि वर्णका आरोप किया जाता है । उसीप्रकार तमालवृक्षकी श्यामलता द्वारा अन्धकारकी उपलब्धिभी भ्रममात्रहै इसलिये अन्धकार आरोपितरूप नहीं है क्योंकि, अधिष्ठान प्रत्यक्षके विना आरोपका योग नहीं होता एवं बाह्यालोक सहकारि रहित होनेसे चक्षुके रूपारोपमें समर्थ नहीं रहता । यह अचाक्षुष प्रत्यय नहीं है । ऐसा होनेसे, वह अनुविधान अन्यथा होता है । और, अभावपदार्थमें विधिप्रत्ययवेद्यत्वका संयोग है । सुतरां प्रलय विनाश और अवधानादिमें व्यभिचार होता है । अतएव आलोकज्ञानका अभाव अन्धकार नहीं । क्योंकि, अभावका प्रतियोगिग्राहक इन्द्रियग्राह्यत्व नियमानुसार उसका मानसत्व प्रसङ्ग होता है ॥ २४ ॥

न चालोकाभावस्य घटाद्यभाववद्रूपवदभावत्वेनालोकसापेक्षचक्षुर्जन्यज्ञानविषयत्वं स्यादित्येपितव्यं यद्ग्रहे यदपेक्षं चक्षुस्तदभावग्रहेऽपि तदपेक्षत इति न्यायेनालोकग्रहे आलोकापेक्षाया अभावेन तदभावग्रहेऽपि तदपेक्षाया अभावात् । न चाधिकरणग्रहणावश्यम्भावः अभावप्रतीतावधिकरणग्रहणावश्यम्भावानङ्गीकारादपरथा निवृत्तः कोलाहल इति शब्दप्रध्वंसप्रत्यक्षो न स्यादिति अप्रमाणिकं तव वचनम् । परं तत्सर्वमभिसन्धाय भगवान् कणादः प्राणिनाय सूत्रं, द्रव्यगुणकर्मनिष्पत्तिवैधर्म्यादभावस्तम इति प्रत्ययवेद्यत्वेनापि निरूपितम् ॥२५॥

इसलिये आलोकका अभावभी अन्धकार नहीं । क्योंकि, अभावमें भावधर्मका अध्यारोप करना दुःसाध्य है । दुःखके अभावमें सुखत्वका आरोप और संयोगके अभावमें विभागत्वाभिमानका आरोप दुर्घट है यह देखपडता है । घटादिके अभावकी नाईं आलोकाभावके रूपवत् अभावत्व आलोकसापेक्ष चक्षुर्जनित ज्ञानका विषयीभूत नहीं होसकता, ऐसाभी नहीं

DR. RUDRA NATH

कहा जाता क्योंकि, चक्षु जिसके ग्रहणमें जिसकी अपेक्षा करता उसको अभावग्रहणसमयमेंभी उसीका अपेक्षा होती है इसप्रकार न्यायानुसार आलोकग्रहणकालमें अभावद्वारा उसके अभावग्रहणसमयमेभी उसकी अपेक्षाका भी अभाव होता है और, अभाव प्रतीति समयमें अधिकरण ग्रहणकी अवश्यम्भाविता अनङ्गीकृत होजानेसे अधिकरण ग्रहणकी अवश्यम्भाविता भी नही । कोलाहल निवृत्त होनेपर, शब्दका एककालमें ध्वंस होजाता है, यह कभी प्रत्यक्ष नही होता । सुतरां, तुम्हारी बात प्रमाण सिद्ध नहीं । ये सब अभिसन्धान करकेही भगवान् कणादने द्रव्य, गुण, कर्म्म निष्पत्तिके साथ सादृश्य न रहनेसे, अन्धकार अभाव पदार्थ है, इसप्रकार प्रत्यय पर-वशातानुसारसे सूत्र प्रणयन किया है ॥२५॥

अभावस्तु निषेधमुखप्रमाणगम्यः सप्तमो निरूप्यते । स चास मवायत्वे सत्यसमवायः संक्षेपतो द्विविधः संसर्गाभावान्योन्याभावभेदात् । संसर्गाभावोऽपि त्रिविधः प्राक्प्रध्वंसात्यन्ताभावभेदात् । तत्रानित्यो अनादितमः प्राग्भावः उत्पत्तिमान् । विनाशी प्रध्वंसः प्रतियोग्याश्रयोऽभावोऽत्यन्ताभावः अत्यन्ताभावव्यतिरिक्तत्वे सत्यनवधिरभावोऽन्योन्याभावः ॥ २६ ॥

निषेधमुख प्रमाणद्वारा जिसका बोध हो उसका नाम अभाव है, वह सप्तम कहकर निरूपित हुआ है । वह संक्षेपतः दो प्रकारका है संसर्गाभाव और अन्योन्याभाव उनमें, अनित्य और अनित्यतम अभाव प्रागभाव, उत्पत्तिमान् विनाशी प्रध्वंसाभाव एवं प्रतियोग्याश्रय अभाव अत्यन्ताभाव । अत्यन्ताभावसे व्यतिरिक्तता घटनेपर, अनवधि अभावको अन्योन्याभाव कहते हैं ॥ २६ ॥

नन्वन्योन्याभाव एवात्यंताभाव इति चेत् अहो राजमार्ग एव भ्रमः । अन्योन्याभावो हि तादात्म्यप्रतियोगिकः प्रतिषेधः यथा घटः पटात्मा न भवतीति संसर्गप्रतियोगिकः प्रतिषेधोऽत्यन्ताभावः यथा वायौ रूपसम्बन्धो नास्तीति । न चास्य पुरुषार्थोपयिकत्वं नास्तीत्याशङ्कनीयं दुःखात्यन्तोच्छेदापरपर्य्यायनिःश्रेयसरूपत्वेन परमपुरुषार्थत्वात् ॥ २७ ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहे औलूक्यदर्शनं समाप्तम् ॥ १० ॥

अन्योन्याभावकेही अत्यन्ताभाव क्यों नहीं कहा जावे ? अहो राजमार्गहीमें भ्रम ? अन्योन्याभावद्वारासे तादात्म्यप्रतियोगिक प्रतिषेध है । जिसप्रकार, घट, पटात्मा नहीं, इत्यादि ।

DR.PURNADHJ(DR.PURAN NATH)

जो संसर्गप्रतियोगिक प्रतिषेध, उसका नाम अत्यन्ताभाव है । जिसप्रकार वायुमें रूप सम्बन्ध नहीं, इसकी पुरुषार्थ उपयोगिता नहीं, इसप्रकार आशङ्का नहीं कियी जासकती । क्योंकि, जिसका दूसरा नाम दुःखका अत्यन्त उच्छेद है, वही निःश्रेयसरूपत्ववशात् यह परम पुरुषार्थस्वरूप है ॥ २७ ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहमें औलूक्यदर्शन समाप्त हुआ ॥ १० ॥

अथाक्षपाददर्शनम् ॥ ११ ॥

तत्त्वज्ञानाद्दुःखात्यन्तोच्छेदलक्षणं निःश्रेयसम्भवतीति समान तन्त्रेऽपि प्रतिपादितं तदाह सूत्रकारः प्रमाणप्रमेयत्वादितत्त्व-ज्ञानान्निश्रेयसाधिगम इति । इदं न्यायशास्त्रस्यादिमं सूत्रं न्या-यशास्त्रञ्च पञ्चाध्यायात्मकं, तत्र प्रत्यध्यायस्याह्निकद्वयम् । तत्र प्रथमाध्यायस्य प्रथमाह्निके भगवता गोतमेन प्रामाणादि-पदार्थनवकलक्षणनिरूपणं विधाय द्वितीये वादादिसप्तपदार्थ-लक्षणनिरूपणं कृतम् । द्वितीयस्य प्रथमे संशयपरीक्षणं प्रमाण-चतुष्टयाप्रामाण्यशङ्कानिराकरणञ्च । द्वितीये अर्थापत्त्यादेरन्त-र्भावनिरूपणम् । तृतीयस्य प्रथमे आत्मशरीरेन्द्रियार्थपरीक्षणं, द्वितीये बुद्धिमनःपरीक्षणम् । चतुर्थस्य प्रथमे प्रवृत्तिदोषप्रेत्य-भावफलदुःखापवर्गपरीक्षणं, द्वितीये दोषनिमित्तकत्वनिरूपणं अवयव्यादिनिरूपणञ्च । पञ्चमस्य प्रथमे जातिभेदनिरूपणं, द्वितीये निग्रहस्थानभेदनिरूपणम् ॥ १ ॥

तत्त्वज्ञानसे दुःखका अत्यन्त उच्छेदरूप निःश्रेयस होता है, यह सामान्यशास्त्रमें कहा गया है । सूत्रकारने भी यही कहा है । जैसे, प्रमाण प्रमेय इत्यादि एवं तत्त्वज्ञानसे निः श्रेयस (मोक्ष) की प्राप्ति होती है, इत्यादि । यही न्यायशास्त्रका पहिलासूत्र है । न्याय शास्त्र पांच अध्यायोंमें विभक्त है, उनमें प्रत्येक अध्यायमें दो २ आह्निक हैं । इन सबमें पहिले अध्यायके प्रथम आह्निकमें भगवान् गौतमने प्रमाणादि पदार्थके नव लक्षण निरूपणकर

द्वितीय अध्यायमें वादादिसात पदार्थोका लक्षण निरूपण किया है। पहिलेमें संशय परीक्षा एवं प्रमाणचतुष्टयका अप्रमाण्य शङ्कानिराकरण, द्वितीयमें अर्थोत्पत्त्यादिका अन्तर्भाव निरूपण, तृतीय अध्यायके पहिलेमें आत्मा, शरीर और इन्द्रियार्थकी परीक्षा और द्वितीय आह्निकमें बुद्धि और मनकी परीक्षा- चतुर्थअध्यायके पहिले आह्निकमें प्रवृत्तिशेष प्रेत्यभाव-फल दुःख और अपवर्गपरीक्षा और द्वितीयमें दोष निमित्तकत्व निरूपण और अवयविप्रभृतिका निर्धारण एवं पञ्चम अध्यायके प्रथम आह्निकमें जातिभेदनिरूपण और द्वितियमें निग्रह स्थानभेदनिरूपण किया है ॥ १ ॥

मानाधीना मेयसिद्धिरिति न्यायेन प्रमाणस्य प्रथममुद्देशे तदनुसारेण लक्षणस्य कथनीयतया प्रथमोद्दिष्टस्य प्रमाणस्य प्रथमं लक्षणं कथ्यते ॥ २ ॥

मेयसिद्धिमानके अधीन है, इत्यादिन्यायानुसार प्रथमही प्रमाणका उद्देश होनेसे, तदनुसार लक्षणा कथनीय है। यह जानकर प्रथमोद्दिष्ट प्रमाणका पहिले लक्षण कहा जाता है ॥ २ ॥

साधनाश्रयाव्यतिरिक्तत्वे सति प्रमाव्यक्तं प्रमाणम् । एवञ्च प्रतितन्त्रसिद्धान्तमिह परमेश्वरप्रामाण्यं संगृहीतं भवति । यदुक्तं सूत्रकारः मन्त्रायुर्वेदप्रामाण्यवच्च तत्प्रामाण्यमाप्तप्रामाण्यादिति ॥ ३ ॥

साधनाश्रयका व्यतिरिक्तत्व घटनेसे प्रमाण प्रमेय प्राप्त होता है । इसप्रकार प्रतितन्त्रसिद्धान्तद्वारा सिद्धपरमेश्वर प्रामाण्य संगृहीत होता है। सूत्रकारनेभी कहा है शास्त्र और आयुर्वेदप्रामाण्यकी नाई, आप्त प्रामाण्यसे तदीयप्रामाण्य सिद्ध होता है ॥ ३ ॥

तथाच न्यायपारावारपारदृश्वा विश्वविख्यातकीर्तिरुदयनाचार्योपि कुसुमाञ्जलौ चतुर्थ स्तबके—

मितिः सम्यक्परिच्छित्तिस्तद्वत्ता च प्रमातृता ।
तदयोगव्यवच्छेदः प्रामाण्यं गौतमे मते इति ॥ ४ ॥

न्यायपारावारदर्शी विश्वविख्यातकीर्त्ति उदयनाचार्य्यने भी कुसुमाञ्जलिके चतुर्थ स्तवकमें कहा है, मिति शब्दसे सम्यक्रूप परिच्छेद, प्रमातृ शब्दसे तद्वत्ता एवं प्रामाण्य शब्दसे तदयोग व्यवच्छेद। यही गौतमका मत है ॥ ४ ॥

साक्षात्कारिणि नित्ययोगिनि परद्वारानपेक्षस्थितौ
भूतार्थानुभवे निविष्टनिखिलप्रस्ताविवस्तुक्रमः ।

DR.RUPNATHJI (DR.RUPAK NATH JI)

लेशादृष्टिनिमित्तदुष्टिविगमप्रभ्रष्टशङ्कातुषः
शङ्कोन्मेषकलङ्किभिः किमपरैस्तन्मे प्रमाणं शिव इति च५॥

जो सबका प्रत्यक्ष, जिसका क्षय नहीं, जो स्वयं सिद्ध, तादृश यथार्थ अनुभवसे जिन ने निखिल प्रस्तावि वस्तुक्रम सन्निविष्ट किया है, जिसमें लेशादृष्टि निबन्धन दोषका अपगम प्रयुक्त शङ्कारूप तुषका भ्रंश हुआ है । वही शिव मेरा प्रमाण । सन्देहके आविर्भावरूप कलङ्क युक्त अन्यदेवतासे मुझे प्रयोजन नहीं ॥ ५ ॥

तच्चतुर्विधं प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दभेदात् । प्रमेयं द्वादशप्रकारं आत्मशरीरेन्द्रियार्थबुद्धिमनः प्रवृत्तिदोषप्रेत्यभावफलदुःखाप-वर्गभेदात् ॥ ६ ॥

प्रमाण ४ प्रकारका है । जैसे, प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द । प्रमेय १२ प्रकारका है । जैसे, आत्मा, शरीर, इन्द्रिय, विषय, बुद्धि, मन, प्रवृत्ति, दोष, प्रेत्य-भावफल, दुःख और अपवर्ग है ॥ ६ ॥

अनवधारणात्मकं ज्ञानं संशयः स त्रिविधः साधारणधर्मासाधा-रणधर्मविप्रतिपत्तिलक्षणभेदात् ॥ ७ ॥

अनवधारणात्मक ज्ञानका नाम संशय है । वह तीन प्रकारका है । जैसे, साधारणधर्म्म असाधारणधर्म्म और विप्रतिपत्ति ॥ ७ ॥

यमधिकृत्य प्रवर्त्तन्ते पुरुषास्तत्प्रयोजनम् । तद्विधं दृष्टादृष्ट-भेदात् ॥ ८ ॥

लोग जिसका अधिकार कर, प्रवृत्त होते हैं उसका नाम प्रयोजन है । वह दो प्रकारका है । जैसे, दृष्ट और अदृष्ट ॥ ८ ॥

व्याप्तिसंवेदनभूमिर्दृष्टान्तः । स द्विविधः साधर्म्यवैधर्म्यभेदात्॥९॥

व्याप्ति संवेदन भूमिका नाम दृष्टान्त है वह दो प्रकारका है, साधर्म्य और वैधर्म्य॥९॥

प्रामाणिकत्वेनाभ्युपगतोऽर्थः सिद्धान्तः । स चतुर्विधः सर्वतन्त्र-प्रतितन्त्राधिकरणाभ्युपगमभेदात् ॥ १० ॥

जो विषय प्रामाणिक कहकर स्वीकार किया जावे उसका नाम सिद्धान्त है । वह चार प्रकारका । सर्व्वतन्त्र, प्रतितन्त्र, अधिकरण और अभ्युपगम ॥ १० ॥

परार्थानुमानवाक्यैकदेशोऽवयवः । स पञ्चविधः प्रतिज्ञाहेतूदाह-रणोपनयनिगमनभेदात् ॥ ११ ॥

DR.RUPNATH JHA DR.RUPAK NATH JHA

परार्थानुमान वाक्यके एकदेशको अवयव कहते हैं । वह पांच प्रकारका है । जैसे प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगम ॥ ११ ॥

व्याप्यारोपे व्यापकारोपस्तर्कः । स चैकादशविधः व्याघातात्माश्रयेतरेतराश्रयचक्रकाश्रयानवस्थाप्रतिबन्धिकल्पनालाघवकल्पनागौरवोत्सर्गापवादवैजात्यभेदात् ॥ १२ ॥

व्याप्यारोपमें व्यापकारोपका नाम तर्क है । वह ११ प्रकारका है । जैसे, व्याघात आत्माश्रय, इतरेतराश्रय, चक्रकाश्रय, अनवस्था, प्रतिबन्धि कल्पना, लाघव कल्पना, गौरव उत्सर्ग, अपवाद और वैजात्य ॥ १२ ॥

यथार्थानुभवपर्य्याया प्रमितिर्निर्णयः । स चतुर्विधः साक्षात्कृत्यनुमित्युपमितिशाब्दभेदात् ॥ १३ ॥

यथार्थानुभवनाम्नी प्रमितिका नाम निर्णय है । वह ४ प्रकारका है, साक्षात्कृति, अनुमिति, उपमिति और शाब्द ॥ १३ ॥

तत्त्वनिर्णयफलः कथाविशेषो वादः ॥ १४ ॥

जिसमें तत्त्वनिर्णयरूप फल है, ऐसी कथा विशेषका नाम वाद है ॥ १४ ॥

उभयसाधनवती विजिगीषुकथा जल्पः ॥ १५ ॥

उभय साधनवती विजिगीषुका नाम जल्प है ॥ १५ ॥

स्वपक्षस्थापनाहीनः कथाविशेषो वितण्डा ॥ १६ ॥

स्वपक्षस्थापनाहीन कथाविशेषका नाम वितण्डा है ॥ १६ ॥

कथा नाम वादिप्रतिवादिनोः पक्षप्रतिपक्षपरिग्रहः ॥ १७ ॥

वादी और प्रतिवादी इन दोनोंके पक्ष प्रतिपक्ष परिग्रहका नाम कथा है ॥ १७ ॥

असाधको हेतुत्वेनाभिमतो हेत्वाभासः । स पञ्चविधः सव्यभिचारविरुद्धप्रकरणसमातीतकालभेदात् ॥ १८ ॥

जो असाधक और हेतु कहकर अभिमत उसका नाम हेत्वाभास है । वह पांच प्रकारका है । जैसे सव्यभिचार, विरुद्ध, प्रकरण, समसाध्य और समातीतकाल ॥ १८ ॥

शब्दावृत्तिव्यत्ययेन प्रतिषेधहेतुश्छलम् । तत्त्रिविधमभिधानतात्पर्य्योपचारव्यत्ययवृत्तिभेदात् ॥ १९ ॥

शब्दवृत्तिके व्यत्ययद्वारा प्रतिषेधहेतुका नाम छल है । वह तीन प्रकारका है । जैसे-अभिधानतात्पर्य्य, उपचार, व्यत्यय और वृत्ति ॥ १९ ॥

DR.RUPNATH(DR.RUPAKNATH)

स्वव्याघातकमुत्तरं जातिः सा चतुर्विंशतिविधा साधर्म्यवैधर्म्योत्कर्षापकर्षवर्ण्यावर्ण्यविकल्पसाध्यप्राप्त्यप्राप्तिप्रसङ्गप्रतिदृष्टान्तानुत्पत्तिसंशयप्रकरणहेत्वर्थापत्तिविशेषापत्त्युपलब्ध्यनुपलब्धिनित्यानित्यकार्य्यसमभेदात् ॥ २० ॥

स्वव्याघातक उत्तरका नाम जाति है । वह २४ प्रकारकी है । जैसे साधर्म्य, वैधर्म्य-उत्कर्ष, अपकर्ष, वर्ण्य, अवर्ण्य, विकल्प, साध्य, प्राप्ति, अप्राप्ति, प्रसङ्ग, प्रतिदृष्टान्त, अनुत्पत्ति, संशय, प्रकरण, हेत्वर्थापत्ति, विशेषोपपत्ति, उपलब्धि, अनुपलब्धि, नित्य, नित्यकार्य्य, सम ॥२०॥

पराजयनिमित्तं विग्रहस्थानम् । तद्द्वाविंशतिप्रकारं प्रतिज्ञाहानिप्रतिज्ञान्तरप्रतिज्ञाविरोधप्रतिज्ञासन्न्यासहेत्वन्तरार्थान्तरनिरर्थकाविज्ञातार्थापार्थकाप्राप्तकालन्यूनाधिकपुनरुक्तानुभाषणाज्ञानाप्रतिभाविक्षेपमतानुज्ञापर्य्यनुयोज्योपेक्षणनिरनुयोज्यानुयोगापसिद्धान्तहेत्वाभासभेदात् ॥ २१ ॥

पराजयनिमित्तका नाम निग्रह स्थान है । वह २२ प्रकारका है । जैसे, प्रतिज्ञाहानि प्रतिज्ञान्तर, प्रतिज्ञाविरोध, प्रतिज्ञासंन्यास, हेत्वन्तर, अर्थान्तर, निरर्थक, अविज्ञातार्थ, अपार्थक अप्राप्तकालन्यूनाधिक, पुनरुक्त, अनुभाषण, अज्ञान, अप्रतिभा, विक्षेप, मतानुज्ञा, पर्यनुयोज्य, उपेक्षण, निरनुयोज्य, अनुयोग, अप्रसिद्धान्त और हेत्वाभास ॥ २१ ॥

अत्र सर्वान्तर्गणिकस्तु विशेषस्तत्र शास्त्रे विस्पष्टोऽपि विस्तरभिया न प्रस्तूयते ॥ २२ ॥

इसप्रकार उल्लिखित शास्त्रमें अतीवस्पष्टतया भिन्न २ आकारसे ये सब विषय वर्णित हुआ । विस्तारभयसे और उल्लेख नहीं किया गया ॥ २२ ॥

ननु प्रमाणादिपदार्थषोड़शके प्रतिपाद्यमाने कथमिदं न्यायशास्त्रमिति व्यपदिश्यते सत्यं तथाप्यसाधारण्येन व्यपदेशा भवन्तीति न्यायेन न्यायस्य परार्थानुमानापरपर्य्यायस्य सकलविद्यानुग्राहकतया सर्वकर्मानुष्ठानसाधनतया प्रधानत्वेन तथा व्यपदेशो युज्यते ॥ २३ ॥

प्रमाणादि १६ पदार्थ प्रतिपादित होनेसे, इसका नाम किसप्रकार न्यायशास्त्र होसक्ता ? यह बात सत्यतोहै । तथापि असाधारण्य अनुसारही व्यपदेश होताहै । इसयुक्तिमें परार्थानुमान

DR.RUDRA NATH (DRRUDRA.NATH)

जिसका अन्यतर नाम वही न्यायशास्त्र है, सब विद्याओंका अनुग्राहक और सर्वविध कर्म्मानुष्ठानका साधक कहकर सबमें प्रधान है । सुतरां इसप्रकार व्यपदेश सङ्गत होता है ॥ २३॥

तथाभाणि सर्वज्ञेन, सोऽयं परमो न्यायः विप्रतिपन्नपुरुषप्रतिपादकत्वात् तथा प्रवृत्तिहेतुत्वाच्चेति ॥ २४ ॥

सर्व्वज्ञनेभी कहा है, विप्रतिपन्नपुरुषका प्रतिपादक और प्रवृत्तिके हेतु कहकर वह २ न्याय शास्त्र सबमें श्रेष्ठ है ॥ २४ ॥

पक्षिलस्वामिना च सेयमान्वीक्षिकी विद्या प्रमाणादिभिः पदार्थैः प्रविभज्यमाना—

प्रदीपः सर्वविद्यानामुपायः सर्वकर्मणाम् ।
आश्रयः सर्वधर्माणां विद्योद्देशे परीक्षितेति ॥ २५ ॥

पक्षिलस्वामीनेभी कहा है कि यह आन्वीक्षिकी विद्या प्रमाणादि पदार्थ परम्परासे प्रविभक्त होनेसे, सब विद्याओंका प्रदीपस्वरूप सबकर्म्मोंका साधकस्वरूप और सबधर्म्मका आश्रयस्वरूप है ॥ २५ ॥

ननु तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसम्भवतीत्युक्तं तत्र किं तत्त्वज्ञानादनन्तरमेव निःश्रेयसं सम्पद्यते नेत्युच्यते किन्तु तत्त्वज्ञानाद्दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरभाव इति ॥ २६ ॥

तत्त्वज्ञानसे निःश्रेयस प्राप्ति होती है । इसविषयमें जिज्ञास्य यह है जो, तत्त्वज्ञानके अव्यवहित परेही प्राप्त होजाती या नही ? इसका उत्तर यह है जो, तत्त्वज्ञानका उदय होनेसे दुःखजन्मप्रभृतिदोष मिथ्याज्ञान इनसबका उत्तरोत्तर विनाश होता है । सुतरां,तत्त्वज्ञानके परेही कहा नही जाती ॥ २६ ॥

तत्र मिथ्याज्ञानं नामानात्मनि देहादावात्मबुद्धिः तदनुकूलेषु रागः तत्प्रतिकूलेषु द्वेषः वस्तुतस्त्वात्मनः प्रतिकूलमनुकूलं वा न किञ्चित्समस्ति । परस्परानुबन्धत्वाच्च रागादीनां मूढो रज्यति रक्तो मुह्यति मूढः कुप्यति कुपितो मुह्यतीति । ततस्तैर्दोषैः प्रेरितः प्राणी प्रतिषिद्धानि शरीरेण हिंसास्तेयादीन्याचरति वाचा अनृतादीनि मनसा परद्रोहादीनि सेयं पापरूपा प्रवृत्तिरधर्मावहतीति ॥ २७ ॥

DR.RUPNATH(DRRUPAK NATH)

उनमें मिथ्याज्ञानशब्दसे अनात्म देहादिमें आत्मबुद्धि उसकी अनुकूल विषयमें आसक्ति और प्रतिकूल वस्तुमें द्वेष । वस्तुतः आत्माका प्रतिकूल और अनुकूल कुछभी नहीं । परस्पर अनुबन्धवशात् मूढ़लोकमें रागादिमें आसक्ति होतीहै । रागादियुक्त होनेसे, मोहका वश होता है मोहके वश होनेहीसे कुपित होता है एवं कुपित होनेहीसे मोहमें आच्छन्न होताहै । अनन्तर प्राणिगण उस २ दोषकी प्रेरणापरतन्त्र होकर शरीरद्वारा हिंसा और चौर्यादिप्रतिषिद्ध व्यापारका अनुष्ठान करता है वाक्यद्वारा अनृतप्रभृति और मनद्वारा परद्रोहादि निषिद्धकार्य्यमें प्रवृत्त होता है । इसप्रकार यह पापरूपा प्रवृत्ति अधर्म्मको उत्पन्न करती है ॥ २७ ॥

शरीरेण प्रशस्तानि दानपरपरित्राणादीनि वाचा हितसत्यादीनि मनसा अहिंसादीनि सेयं पुण्यरूपा प्रवृत्तिधर्म्मः ॥ २८ ॥

शरीरद्वारा दान और पररक्षणादि वाक्यद्वारा हित सत्यादि और मनद्वारा अहिंसादिका अनुष्ठान करनेको पुण्यरूपा प्रवृत्ति कहते हैं यही धर्म्म नामसे कथित ॥ २८ ॥

सेयमुभयी वृत्तिः ततः स्वानुरूपं प्रशस्तं निन्दितं वा जन्म पुनः शरीरादेः प्रादुर्भावः । तस्मिन् सति प्रतिकूलवेदनीयतया वासनात्मकं दुःखं भवति । त इमे मिथ्याज्ञानादयो दुःखान्ता अविच्छेदेन प्रवर्त्तमानाः । संसारशब्दार्थो घटीचक्रवन्निरवधिरनुवर्त्तते ॥ २९ ॥

इसप्रकारमें दोप्रकारकी प्रवृत्ति है । इसीसे स्वानुरूप प्रशस्त या निन्दित जन्म और पुनःशरीरादिका प्रादुर्भाव होता है इसप्रकार प्रादुर्भावघटनेपर प्रतिकूलशब्दसे कहा हुआ वासनात्मक दुःख समुत्पन्न होता है । मिथ्याज्ञानसे दुःखपर्य्यन्त, वही धर्मसमुदाय अविच्छेदसे [illegible] । एवं संसारशब्दार्थ घटीचक्रकी नाईं निरवधि उनका अनुगामी होता है ॥ २९ ॥

कश्चित् पुरुषधौरेयः पुराकृतसुकृतपरिपाकवशादाचार्य्योपदेशेन सर्वमिदं दुःखायतनं दुःखानुषक्तञ्च पश्यति तदा तत्सर्वं हेयत्वेन बुध्यते । ततस्तन्निवर्त्तकमविद्यादि निवर्त्तयितुमिच्छति, तन्निवर्त्तकञ्च तत्त्वज्ञानमिति ॥ ३० ॥

DR.RUPNATH(DR.RUPAK NATH)

कस्यचिच्चतसृभिर्विद्याभिर्विभक्तं प्रमेयं भावयतः सम्यग्दर्शनपदवेदनीयतया तत्त्वज्ञानं जायते, तत्त्वज्ञानान्मिथ्याज्ञानमपैति मिथ्याज्ञानापाये दोषाः अपयान्ति, दोषापाये प्रवृत्तिरपैति-प्रवृत्त्यपाये जन्मापैति, जन्मापाये दुःखमत्यन्तं निवर्त्तते, सात्यन्तिकी निवृत्तिरपवर्गः। निवृत्तेरात्यन्तिकत्वं नाम निवर्त्य सजातीयस्य पुनस्तत्रानुत्पाद इति ॥ २१ ॥

इसतत्त्वज्ञानका दूसरा नाम सम्यग् दर्शन है। विद्याचतुष्टयसे परिच्छिन्न प्रमेय भावना करते २ किस व्यक्तिका तत्वज्ञान उपस्थित होता है।तत्वज्ञानके उदयसे मिथ्याज्ञानका अपसारण होता है। मिथ्याज्ञानके अपसारणसे सब दोष दूर होते हैं दोषोंके दूर होनेपर प्रवृत्ति निराकृत होती है। प्रवृत्तिके नाश होनेपर जन्मका लय होता है। जन्मके लय होनेपर दुःखकी आत्यन्तिक निवृत्ति होती है। इसी आत्यन्तिक निवृत्तिका नाम अपवर्ग वा मोक्ष है। निवृत्तिका आत्यन्तिकत्व कहनेसे, यह समझना चाहिये कि, निवृत्त सजातीयका फिर उसमें उद्भव नहीं होता ॥ २१ ॥

तथाच पारमर्षं सूत्रं, दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तराभावादपवर्ग इति ॥ २२ ॥

सूत्रकारनेभी कहा है कि, दुःखजन्मप्रवृत्ति दोष मिथ्याज्ञान इनसबके उत्तरोत्तर नाश होनेपर तदनन्तर अभाववशात् मोक्ष लाभ होता है ॥ २२ ॥

ननु दुःखात्यन्तोच्छेदोपवर्ग इत्येतदद्यापि कफोणिगुड़ायितं वर्त्तते तत्कथं सिद्धवत्कृत्य व्यवह्रियत इति चेन्मैवं सर्वेषां मोक्षवादिनामपवर्गदशायामात्यन्तिकीदुःखनिवृत्तिरस्तीत्यस्यार्थस्य सर्वतन्त्रसिद्धान्तसिद्धतया घण्टापथत्वात्। नह्यप्रवृत्तस्य दुःखं प्रत्यापद्यते इति कश्चित् प्रपद्यते। तथा हि आत्मोच्छेदो मोक्ष इति माध्यमिकमते दुःखोच्छेदोऽस्तीत्येतावत्तावदविवादम् ॥ २३ ॥

यदि कहो कि, दुःखके अत्यन्तोच्छेदका नाम अपवर्ग है यह विषय अद्यापि नितान्त प्रच्छन्न है। तो किस प्रकार इसको सिद्धवत् करके व्यवहार किया जावे? ऐसा नहीं कहा जासकता क्योंकि सर्व मोक्षवादियोंके अपवर्ग दशामें अत्यन्तिकी दुःखनिवृत्ति होती है। इसविषयमें

DR. RUPNATH(DR. RUPAK NATH)

सबही शास्त्रमें सविशेष मीमांसाद्वारा प्रमाणित हुआ है । अपवृक्तका कभी दुःखप्रत्यापत्तिकी सम्भावना नहीं । माध्यमिक लोग कहते हैं, आत्माका उच्छेद मोक्ष है दुःखका उच्छेदही उसका अर्थ है यह सर्व्वथा विवादशून्य है ॥ ३३ ॥

अथ मन्येथाः शरीरादिवदात्मापि दुःखहेतुत्वादुच्छेद्य इति तन्न सङ्गच्छते विकल्पानुपपत्तेः ॥ ३४ ॥

शरीरादिकी नाईं आत्माभी दुःखका हेतु सुतरां उसका उच्छेद करना आवश्यक है।विकल्पकी अनुपपत्तिवशात् इसप्रकार समझना कदापि सङ्गत नहीं ॥ ३४ ॥

किमात्मा ज्ञानसन्तानो विवक्षितः तदरिक्तो वा। प्रथमे न विप्रतिपत्तिः । कः खल्वनुकूलमाचरति प्रतिकूलमाचरेत् । द्वितीये तस्य नित्यत्वे निवृत्तिरशक्यविधानैव । प्रवृत्त्यनुपपत्तिश्चाधिकं दूषणं,न खलु कश्चित् प्रेक्षावानात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियंभवतीति सर्वतः प्रियतमस्यात्मनः समुच्छेदाय प्रयतते। सर्वो हि प्राणी मुक्त इति व्यवहरति ॥ ३५ ॥

यहां जिज्ञास्य यह है कि, यह आत्मा परम्परारूप या उसके अतिरिक्त अन्य कोई पदार्थ ? ज्ञानपरम्परा कहनेसे किसी प्रकार विप्रतिपत्ति सम्भव नहीं । क्योंकि, कोई व्यक्ति अनुकूल आचरण कारके प्रतिकूल आचरणमें प्रवृत्त होता है । उसके अतिरिक्त अन्य पदार्थ कहनेसे तदीय नित्यत्व वशतः निवृत्ति जिस प्रकार अशक्य नहीं, प्रवृत्तिकी भी उसी प्रकार अनुपपत्ति नहीं । आत्माकेही सुखके लिये सम्पूर्ण प्रिय होता है, इसकारण यह सर्व्वथा प्रियतम है । कौन प्रज्ञानवान् पुरुष तादृश आत्माके समुच्छेदसाधनमें यत्नवान् होता है सबही प्राणी मुक्त, इसप्रकार व्यवहार आचरित है ॥ ३५ ॥

ननु धर्मिनिवृत्तौ निर्मलज्ञानोदयो महोदय इति विज्ञानवादिवादे सामग्र्यभावः सामानाधिकरण्यानुपपत्तिश्च भावनाचतुष्टयं हि तस्य कारणमभीष्टम् । यच्च क्षणभङ्गपक्षे स्थैर्याधारासम्भवात् लङ्घनाभ्यासादिवदनासादितप्रकर्षं न स्फुटमभिज्ञानमभिजनयितुं प्रभवति सोपप्लवस्य ज्ञानसन्तानस्य बद्धत्वे निरुपप्लवस्य च मुक्तत्वे यो बद्धः स एव मुक्त इति सामानाधिकरण्यं न सङ्गच्छते ॥ ३६ ॥

DR.RUPNATHJI(DR.RUPAK NATH)

धर्म्मिके निवृत्त होनेपर निमल ज्ञानोदयरूप महोदय समाहित होता है। विज्ञानवादिगणका इस मतवादमे सामग्र्यभाव और सामानाधिकरण्यकी अनुपपत्ति लक्षित होती है। भावना चतुष्टयही इसका कारण है। क्षणभङ्गपक्ष स्वीकार करनेपर स्थिरैकाधारके असम्भवप्रयुक्त लङ्घन और अभ्यासादिकी नाई वह प्रकर्ष प्राप्त नहीं होता। उपप्लवयुक्तज्ञानसन्ततिही बद्ध एवं उससे भिन्नही मुक्त है। ऐसा होनेसे जो बद्ध, सो मुक्त इसप्रकार सामानाधिकरण्य नहीं होता ॥ २६ ॥

आवरणमुक्तिर्मुक्तिरिति जैनजनाभिमतोऽपि मार्गो न निर्गतो निरर्गलः। अङ्ग भवान् पृष्टो व्याचष्टां किमावरणे, धर्माधर्मभ्रान्तय इति चेत् इष्टमेव। अथ देहमेवावरणं तथाच तन्निवृत्तौ पञ्जरान्मुक्तस्य शुकस्येवात्मनः सततोर्ध्वगमनं मुक्तिरिति चेत्तद्वक्तव्यं किमयमात्मा मूर्त्तोऽमूर्त्तो वा। प्रथमे निरवयवः सावयवो वा। निरवयवत्वे निरवयवो मूर्त्तःपरमाणुरिति परमाणुलक्षणापत्त्या परमाणुधर्मवदात्मधर्म्माणामतीन्द्रियत्वं प्रसज्येत् ॥२७॥

आवरणमुक्तिही मुक्ति जैन लोगोंके अभिमत यह मार्ग निर्गल नहीं। अच्छा आपहीको पूछता हूं आवरणशब्दका अर्थ क्या? धर्म्माधर्मभ्रान्तिही आवरण। ऐसा होनेसे अनिष्टापत्ति नहीं किन्तु देह आवरण और उसकी निवृत्तिमें पञ्जरसे मुक्त शुककी नाई आत्माका सदैव ऊपरको जानेका नाम मुक्ति है यदि ऐसा होताहै तो जिज्ञास्य यह आत्मा मूर्त्त है या अमूर्त्त? मूर्त्त होनेसे निरवयव या सावयव? निरवयव होनसे परमाणु निरवयव मूर्त्तपदार्थ। इसप्रकार परमाणु लक्षणापत्तिद्वारा परमाणुधर्म्मकी नाई आत्मधर्म्मका अतीन्द्रियत्व प्रसक्त होता है ॥ २७ ॥

सावयवत्वे यत्सावयवं तदनित्यमिति प्रतिबन्धबलेनानित्यत्वापत्तौ कृतप्रणाशाकृताभ्यागमौ निष्प्रत्यूहबन्धौ प्रसरेताम्॥२८॥

सावयव होनेसे जो सावयव वही अनित्य इत्यादि प्रतिबन्धबलसे अनित्यत्वकी उपपत्ति होती है। ऐसाहोनेसे कृतप्रणाश और कृताभ्यागम ये दो दोष निष्प्रतिबन्धरूपसे प्रसृत होते हैं ॥ २८ ॥

अमूर्त्तत्वे गमनमनुपपन्नमेव चलनात्मिकायाः क्रियायाः मूर्त्तप्रतिबन्धात् ॥ २९ ॥

और अमूर्त्त होनेसे गमन नहीं सिद्ध होता। क्योंकि, चलनात्मिका क्रियामें मूर्ति प्रतिबन्ध होती है ॥ २९ ॥

DR.RUPNATH JHA (DR.RUPANATH)

पारतन्त्र्यं बन्धः स्वातन्त्र्यं मोक्ष इति चार्वाकपक्षेऽपि स्वातन्त्र्यं दुःखनिवृत्तिश्चेदविवाद ऐश्वर्य्यं चेत्सातिशयतया सदृशतया च प्रेक्षावतां नाभिमतम् ॥ ४० ॥

परतन्त्रताही बन्ध और स्वतन्त्रताही मोक्ष है, इत्यादि चार्व्वाक पक्षमें यदि स्वतन्त्रताही दुःखनिवृत्ति होती है, तो इससे कोई आपत्ति नहीं । किन्तु ऐश्वर्य्य जाननेसे सातिशयता और सदृशता वशात् वह कभी विद्वानोंको अनुमोदनके योग्य नहीं होसकता ॥४०॥

प्रकृतिपुरुषान्यत्वख्यातौ प्रकृत्युपरमे पुरुषस्य स्वरूपेणावस्थानं मुक्तिरिति साङ्ख्याख्यातेऽपि पक्षे दुःखोच्छेदोऽभ्युपेयते ॥४१॥

प्रकृति पुरुषान्यत्व वादसे, प्रकृतिके उपरम होनेसे पुरुषका स्वरूपमें अवस्थानको मुक्ति कहते हैं यह सांख्यसिद्धान्त होनेपरभी एक पक्षमे दुःखनाश प्राप्त होता है ॥ ४१ ॥

विवेकज्ञानं पुरुषाश्रयं प्रकृत्याश्रयं वेति एतावदवशिष्यते । तत्र पुरुषाश्रयमिति न श्लिष्यते पुरुषस्य कौटस्थात् स्थाननिरोधापातान्नापि प्रकृत्याश्रयः अचेतनत्वात्तस्याः ॥ ४२ ॥

विवेकज्ञान पुरुषके आश्रित, या प्रकृतिके आश्रित है ? ऐसे प्रश्नमें यही कहा जासकता पुरुषके आश्रित नहीं । क्योंकि, पुरुष कूटस्थ है और प्रकृति अचेतन । सुतरां, उसके आश्रित भी नही कहा जासकता ॥ ४२ ॥

किञ्च प्रकृतिः प्रवृत्तिस्वभावा निवृत्तिस्वभावा वा । आद्ये अनिर्मोक्षः स्वभावस्यानपायात् । द्वितीये सम्प्रति संसारोऽस्तमियात् ॥ ४३ ॥

प्रकृति प्रवृत्तिस्वभाववाली है या निवृत्तिस्वभाववाली ? प्रवृत्तिस्वभाववाली कहनेसे स्वभावके अनपाय वशात् मोक्ष लाभ नहीं होता निवृत्तिस्वभाववाली कहनेसे, संसार अस्तमित हो जाता है ॥ ४३ ॥

नित्यनिरतिशयसुखाभिव्यक्तिर्मुक्तिरिति । भट्टसर्वज्ञाद्यभिमतेऽपि दुःखनिवृत्तिरभिमतैव । परन्तु नित्यसुखं न प्रमाणपद्धतिमध्यास्ते ॥ ४४ ॥

भट्ट सर्व्वज्ञप्रभृतिने कहा है कि, नित्य, निरतिशय सुखाभिव्यक्ति ही मुक्ति । इसकाभी मतलब अर्थ दुःखनिवृत्ति । परन्तु, नित्यसुख प्रमाण पद्धतिका अतीत विषय है ॥ ४४ ॥

DR.RUPNATH JI(DR.RUPAK NATH)

श्रुतिस्तत्र प्रमाणमिति चेन्न योग्यानुपलब्धिबाधिते तदनवकाशादवकाशे वा ग्रावप्लवेऽपि तथाभावप्रसङ्गात् ॥ ४५ ॥

श्रुति इसविषयका प्रमाण नहीं होसकती, जहां, योग्यानुपलब्धिका बाध घाटताहै, वहां श्रुतिका प्रवेशाधिकार नहीं । प्रवेशाधिकार होनेसे, जलके ऊपर पत्थरभी तैरसकता है कहा जावे ॥ ४५ ॥

ननु सुखाभिव्यक्तिर्मुक्तिरिति पक्षं परित्यज्य दुःखनिवृत्तिरेव मुक्तिरिति स्वीकारः क्षीरं विहायारोचकग्रस्तस्य सौवीररुचिमनुभवतीति चेत्तदेतन्नाटकपक्षपतितं त्वद्वच इत्युपेक्ष्यते ॥ ४६ ॥

सुखाभिव्यक्ति मुक्ति, यह पक्ष छोड़कर दुःखनिवृत्तिही मुक्ति है इसप्रकार स्वीकार करना अरोचकग्रस्तका दुध छोड़कर सौवीर (बैर) की रुचिका अनुभव करना, ये दोनों बराबर है, तुम्हारी यह बात नाटक पक्षपतित; इसकारण उपेक्षा कियी गयी ॥ ४६ ॥

सुखस्य सातिशयतया प्रत्यक्षतया बहुप्रत्यनीकाक्रान्ततया साधनप्रार्थनापरिक्लिष्टतया च दुःखाविनाभूतत्वेन विषानुषक्तमधुवत् दुःखपक्षनिक्षेपात् ॥ ४७ ॥

सुखकी जिसप्रकार अतिशयता और प्रत्यक्षता है, उसीप्रकार वह बहुत विघ्नोंसे विच्छिन्न और साधन प्रार्थनासे परिपीडित, और विना दुःखके वह नहीं मिलसकता, इस कारण विषलिप्त मधुके तुल्य, वह दुःखपक्षमें निक्षिप्त है ॥ ४७ ॥

नन्वेवमनुसन्धित्सोऽपरं प्रच्यवते इति न्यायेन दुःखवत् सुखमित्युच्छिद्य इति अकाम्योऽयं पक्ष इति चेन्मैवं मंस्थाः । सुखसम्पादने दुःखसाधनबाहुल्यानुषङ्गनियमेन तप्तायःपिण्डे तपनीयबुद्ध्या प्रवर्त्तमानेन साम्यापातात्।तथाहि न्यायोपार्जितेषु विषयेषु कियन्तः सुखखद्योताः कियन्ति दुःखदुर्दिनानि अन्यायोपार्जितेषु तु यद्भविष्यति तन्मनसापि चिन्तयितुं न शक्यमित्येतत् स्वानुभवमप्रच्छादयन्तः सन्तो विदांकुर्वन्तु विदांवराः भवन्तः ॥ ४८ ॥

एक विषयके अनुसन्धान करनेवालेको, दूसरा विषय प्रभ्रष्ट होजाता है, इसयुक्तिके अनुसार दुःखको नहीं, सुखका उच्छेदन किया जावे, इत्यादि पक्षभी अकाम्य, इसप्रकार

नहीं समझना। सुख सम्पादन समयमें दुःखसाधनकी बहुलताका प्रसङ्ग घटता है। उक्त नियमानुसार तपेहुये लोहपिण्डमें स्वर्ण समझकर प्रवृत्त होनेपर, साम्यापात संघटित होता है। उसी प्रकार, न्यायोपार्जित विषयसमूहमें कितनी सुखस्फूर्त्ति और कितना दुःसह दुर्दिन प्रादुर्भूत होता है, अन्यायोपार्जित विषयमें जो घटता है, सो मनमें भी चिन्ता नहीं कियी जासकती। आप स्वयं ज्ञान विज्ञान पारदर्शी, इस विषयमें अपने आप अनुसंधान करें ॥ ४८ ॥

तस्मात् परिशेषात् परमेश्वरानुग्रहवशाच्छ्रवणादिक्रमेणात्मतत्त्वसाक्षात्कारवतः पुरुषधौरेयस्य दुःखनिवृत्तिरात्यन्तिकी निःश्रेयसमिति निरवद्यम् ॥ ४९ ॥

इसकारण अन्तमें परमेश्वरके अनुग्रहवशात् श्रवणादि क्रमसे आत्मतत्त्वका साक्षात्कार संघटित होनेपर पुरुषप्रवरका आत्यन्तिकी दुःखनिवृत्तिरूप निःश्रेयस होता है, यह सर्वथा विवादशून्य है ॥ ४९ ॥

नन्वीश्वरसद्भावे किं प्रमाणं प्रत्यक्षमनुमानमागमो वा न तावदत्र प्रत्यक्षं क्रमते रूपादिरहितत्वेनातीन्द्रियत्वात्, नाप्यनुमानं तद्व्याप्तिलिङ्गाभावात्, नागमः विकल्पासहत्वात् ॥ ५० ॥

ईश्वर है, इसविषयमें प्रमाण क्या है, प्रत्यक्ष, अनुमान या आगम ? प्रत्यक्ष प्रमाण हो नहीं सकता। क्योंकि, वह रूपादिसे रहित है, सुतरां, इन्द्रियका अतीत है। अर्थात इन्द्रियद्वारा ग्राह्य नहीं। अनुमान प्रमाण भी नहीं होसकता। क्योंकि, उसकी व्याप्ति लिङ्गका अभाव घटता है। विकल्पके असहत्ववशात् आगमभी प्रमाण कहकर ग्रहण नहीं होसकता ॥ ५० ॥

किं नित्योऽवगम्यत्यनित्यो वा। आद्ये अपसिद्धान्तापातः। द्वितीये परस्पराश्रयापातः। उपमानादिकमशक्यशङ्कं नियतविषयत्वात् ॥ ५१ ॥

ईश्वर नित्यहै वा अनित्य ? नित्य होनेसे अपसिद्धान्तापातदोष आता है। अनित्य होनेसे परस्पराश्रयापात दोष आपतित होताहै। नियतविषयत्वकहकर उपमानादि, अशक्य शङ्क हो जाताहै अर्थात् ईश्वर चिरकालहीसे है। सुतरां सांसारिक किसी वस्तुके साथ उसीकी उपमा नहीं दी जासकती ॥ ५१ ॥

तस्मादीश्वरः शशविषाणायते इति चेत्तदेतन्न चतुरचेतसां चेतसि चमत्कारमाविष्करोति। विवादास्पदं नगसागरादिकं सकर्तृकं

DR.RUPNATH JI(DR.RUPAKNATH)

कार्य्यत्वात् कुम्भवत् न चायमसिद्धो हेतुः सावयवत्वेन तस्य सुसाधनत्वात् ॥ ५२ ॥

तो ईश्वर, खरहेके सींगकी नाईं अलीक पदार्थ ठहरा। यह बात कहनेसे, चतुर चेतालोगोंके चित्तमें चमत्कार आविष्कार नहीं किया जाता। क्योंकि पर्व्वत और सागरादि विवादास्पद पदार्थ मात्र ही कुम्भकी नाईं, कार्य्यस्वरूप, सुतरां उनका कर्त्ताहै, मानना होगा। यह कदापि असिद्ध हेतु नहीं। क्योंकि, ये सब पदार्थ सावयव हैं। इसी कारण उनका सुखसाधनत्व लक्षित होताहै ॥ ५२ ॥

ननु किमिदं सावयवत्वम् अवयवसंयोगित्वं अवयवसमवायित्वं वा। नाद्यं गगनादौ व्यभिचारात्। न द्वितीयं तन्तुत्वादावनैकान्त्यात्। तस्मादनुपपन्नमिति चेन्नैवं वादी। समवेतद्रव्यत्वं सावयवत्वमिति निरुक्तेर्वक्तुं शक्यत्वात्। अवान्तरमहत्त्वेन वा कार्य्यत्वानुमानस्य सुकरत्वात् नापि विरुद्धो हेतुः साध्यविपर्य्ययव्याप्तेरभावात्। नाप्यनैकान्तिकः पक्षादन्यत्र वृत्तेरदर्शनात्। नापि कालात्ययापदिष्टः बाधकानुपलम्भात्। नापि सत्प्रतिपक्षः प्रतिभटादर्शनात् ॥ ५३ ॥

यहां जिज्ञास्य यह है जो, सावयवत्व शब्दसे अवयवसंयोगित्व या अवयवसमवायित्व? अवयवसंयोगित्व कहनेसे, आकाशादिमें व्यभिचार घटताहै। और अवयवसमवायित्व कहनेसे तन्तुप्रभृतिमें अनेकान्तत्व आपतित होताहै। इसलिये इसको अनुपपन्न नहीं कहसकते। समवेत द्रव्यत्व सावयत्व, ऐसे अर्थमें ऐसा कहा जासकता। और अवान्तर महत्त्ववशात् कार्य्यत्वानुमान सुकर होताहै। और विरुद्ध हेतुभी नहीं होसकता। क्योंकि, साध्य विपर्य्ययका अभाव नहीं। और अनैकान्तिकभी नहीं होसकता। क्योंकि पक्षभिन्न अन्यविध वृत्ति नहीं दीख पड़ती। और, कालात्ययापदिष्टभी नहीं होसकता। क्योंकि, किसीप्रकार बाधकका उपलम्भ नहीं और सत्प्रतिपक्षभी नहीं होसकता। क्योंकि, किसी प्रकार, प्रतियोगी नहीं दीख पडता ॥ ५३ ॥

ननु नगादिकमकर्तृकं शरीराजन्यत्वात् गगनवादिति चेन्नैतत्परीक्षाक्षममीक्ष्यते। न हि कठोरकण्ठीरवस्य कुरङ्गशावः प्रतिभटो भवति अजन्यत्वस्यैव समर्थतया शरीरविशेषणवैयर्थ्यात् ॥ ५४ ॥

शरीरकर्तृक अजन्य कहकर आकाशकी नाईं पर्वतादिका किसी प्रकार कर्त्ता नहीं। यह बातभी नहीं कही जासकती। क्योंकि, यह विषय परीक्षा सह, कहकर नहीं दीखपडता।

ARUNATHJI (DR.RUDAR NATH)

कुरङ्गशावका कभी कठोर कण्ठीरव प्रतियोगी नहीं होता । अजन्यत्वकी समर्थतावशात् शरीर विशेषण विफल होताहै ॥ ५४ ॥

तर्ह्यजन्यत्वमेव साधनमिति चेन्नासिद्धेः । नापि सोपाधिकत्व-शङ्काकलङ्कांकुरः सम्भवी अनुकूलतर्कसम्भवात् । यद्ययमक-र्तृकः स्यात् कार्य्यमपि न स्यादिह जगति नास्त्येव तत्कार्यं नाम यः कारकचक्रमवधीर्य्यात्मानमासादयेदित्येतदविवादम् ॥ ५५ ॥

तब अजन्यत्वही साधन । सोभी नहीं । क्योंकि उसमें सिद्धिका अभाव होताहै । और अनुकूल तर्कके सम्भववशात् सोपाधिक स्वरूप शङ्का कलङ्कांकुरकीभी सम्भावना नहीं । यदि यह कर्त्ता शून्य होता, तो कार्य्यभी नहीं होता । क्योंकि, इस जगतमें ऐसा कार्य्य नहीं है जो कारकचक्र परिहारकर स्वयंही सिद्ध होजावे, यह विषय सर्व्वथा विवादशून्य है ॥ ५५ ॥

तच्च सर्वं कर्तृविशेषोपहितमर्य्यादं कर्तृत्वं चेतरकारकाप्रयोज्यत्वे सति सकलकारकप्रयोक्तृत्वलक्षणं ज्ञानेच्छाकृतिमत्त्वम् ५६

अत एव समस्तही कर्तृविशेष कर्तृक उपहित हुआ है, उसी कर्तृविशेषका किसी प्रकार मर्य्यादा अर्थात् इयत्तादि नहीं । एवं वह अन्य किसी कारककाभी प्रयोजन नहीं स्वयंसिद्ध शक्तिसम्पन्न है । सुतरां, वह अन्यान्य कारक सबका प्रयोक्ता । एवं ज्ञान-चिकीर्षा और प्रयत्नका आधार ॥ ५६ ॥

एवञ्च कर्तृव्यावृत्तेस्तदुपहितसमस्तकारकव्यावृत्तावकारणकका-र्य्योत्पादप्रसङ्ग इति स्थूलः प्रमादः ॥ ५७ ॥

इसप्रकार कर्तृव्यावृत्तिवशात् उसकी उपहत सब कारक व्यावृत्ति जब सिद्ध हुई, तब विना कारण कार्य्य उत्पन्न होता है, ऐसा प्रसङ्ग करना स्थूल प्रमादभिन्न अन्य कुछ नहीं ॥ ५७ ॥

तथा निरटंकि शंकरकिंकरेण ।

अनुकूलेन तर्केण सनाथे सति साधने ।
साध्यव्यापकताभङ्गात पक्षे नोपाधिसम्भव इति ॥ ५८ ॥

शङ्करकिङ्करनेभी कहा है कि साधन अनुकूल तर्कसहित संमिलित होनेपर, सा य व्यापकताका अभङ्गवशात, पक्षमें कभी उपाधिसम्भव नहीं होता ॥ ५८ ॥

यदीश्वरः कर्त्ता स्यात्तर्हि शरीरी स्यादित्यादिप्रतिकूलतर्कजालं जागर्त्तीति चेदीश्वरसिद्ध्यसिद्धिभ्यां व्याघातः ॥ ५९ ॥

DR.RUPANATHJI(DR.RUPAK NATH JI)

यदि ईश्वर कर्त्ता हो तो वह शरीरी, इत्यादि प्रतिकूल तर्क सब जगजानेसे उसकी सिद्धयसिद्धिमें व्याघात होता है ॥ ५९ ॥

तदुदितमुदयनेन ।

आगमादेः प्रमाणत्वे बाधनादनिषेधनम् ।
आभासत्वे तु सैव स्यादाश्रयासिद्धिरुद्धतेति ॥ ६० ॥

उदयनाचार्य्यने भी कहा है कि, आगमादिका प्रमाणत्व सत्वमें बाधवशात् निषेधकी सम्भावना नहीं ॥ ६० ॥

न च विशेषविरोधः शक्यशङ्कः ज्ञातत्वाज्ञातत्वविकल्पपराहततत्वात् ॥ ६१ ॥

विशेष विरोधशङ्काभी नहीं कियी जासकती ज्ञातत्व और अज्ञातत्व विकल्पद्वारा वा पराहत होता है ॥ ६१ ॥

तदेतत्परमेश्वरस्य जगन्निर्माणे प्रवृत्तिः किमर्था स्वार्था परार्था वा आद्येऽपीष्टप्राप्त्यर्था अनिष्टपरिहारार्था वा । नाद्यः अवाप्तसकलकामस्य तदनुपपत्तेः अत एव न द्वितीयः ॥ ६२ ॥

परमेश्वरको जगत्की सृष्टि करनेमें प्रवृत्त होनेका प्रयोजन क्या, स्वार्थ, नहीं परमा संघटन ? स्वार्थ संघटन कहनेसे, यह पूछना है कि, इष्टप्राप्तिके लिये नही, अनिष्ट परिहा रके निमित्त ? इष्टप्राप्तिके लिये नही कह सकते । क्योंकि, ईश्वर आप्तकाम है । उसक और क्या इष्ट ? सुतरां वह कभी सम्भव नही होसकता ॥ ६२ ॥

द्वितीये प्रवृत्त्यनुपपत्तिः कः खलु पदार्थं प्रवर्त्तमानं प्रेक्षावानित्याचक्षीत ॥ ६३ ॥

द्वितीय अर्थात् परार्थसंघटन कहनेसे. प्रवृत्तिकी अनुपपत्ति होती है । ६३ ॥

अथ करुणया प्रवृत्त्युपपत्तिरित्याचक्षीत कश्चित्तं प्रत्याचक्षीत तर्हि सर्वान् प्राणिनः सुखिन एव सृजेदीश्वरः न दुःखशबलान् करुणाविरोधात् । स्वार्थमनपेक्ष्य परदुःखप्रहरणेच्छा हि कारुण्यम् । तस्मादीश्वरस्य जगत्सर्जनं न युज्यते ॥ ६४ ॥

यदि कोई कहे कि, करुणाद्वारा ही उत्पत्ति होती है । उसको पूछ सकते हो कि ऐसा होनेसे वह सब प्राणियों सुखी कर सृष्टि करते. दुःखयुक्त नहीं । क्योंकि, दुःखमिश्रि

DR. RUPNATHJI DR. RUPANATH

करनेसे, करुणाका विरोध घटता है । स्वार्थकी उपेक्षाकर परदुःख दूर करनेकी इच्छा करनेका नाम करुणा है । अत एव ईश्वरकी जगत् सृष्टि संगत नहीं ॥ ६४ ॥

तदुक्तं भट्टाचार्य्यैः—

प्रयोजनमनुद्दिश्य न मन्दोऽपि प्रवर्त्तते ।
जगद्यासृजतस्तस्य किं नाम न कृतं भवेदिति ॥ ६५ ॥

भट्टाचार्य्योंनेभी कहा है प्रयोजन न समझकर नितान्त मूढभी किसीकार्य्यमें प्रवृत्त नहीं होता । जगत्की सृष्टि करनेसे उसका क्या नहीं किया होता है ॥ ६५ ॥

नास्तिकशिरोमणे तावदीर्ष्याकषायिते चक्षुषी निमील्य परिभावयतु भवान् करुणया प्रवृत्तिरस्त्येव न च निसर्गतः सुखमयसर्गप्रसंगः सृज्यप्राणिकृतसुकृतदुष्कृतपरिपाकविशेषाद् वैषम्योपपत्तेः । न च स्वातन्त्र्यभंगः शङ्कनीयः स्वांगं स्वव्यवधायको न भवतीति न्यायेन प्रत्युत तन्निर्वाहात् एक एव रुद्रो न द्वितीयाय तस्थे इत्यादिरागमस्तत्र प्रमाणम् ॥ ६६ ॥

अयि नास्तिकशिरोमणे ! ईर्ष्याकषायित चक्षुर्द्वय बन्दकर चिन्ता कर देखो करुणावशतः ही ईश्वरकी जगत्सर्जनमें प्रवृत्ति है । सृज्यमाणियोंका कृतसुकृत दुष्कृतका फल विशेषवशतः वैषम्यकी उपपत्ति घटती है, स्वभावतः सुखमय सृष्टिप्रसङ्ग सम्भव नहीं । इसमें ईश्वरकी स्वतन्त्रता भङ्गकी सम्भावना नहीं । स्वाङ्ग कभी स्वव्यवधायक नहीं हो सकता इसप्रकार युक्तिमें प्रत्युत उसमें स्वतन्त्रता की रक्षा होतीहै । रुद्र एकही द्वितीय नहीं इत्यादि आगम इसविषयका प्रमाण है ॥ ६६ ॥

यद्येवं तर्हि परस्पराश्रयबाधव्याधिं समाधत्स्वेति चेत् तस्यानुत्थानात् किमुत्पत्तौ परस्पराश्रयः शंक्यते ज्ञप्तौ वा नाद्यः आगमस्येश्वराधीनोत्पत्तिकत्वेऽपि परमेश्वरस्य नित्यत्वेनोत्पत्तेरनुपपत्तेः । नापि ज्ञप्तौ परमेश्वरस्य आगमाधीनज्ञप्तिकत्वेऽपि तस्यान्यतोऽवगमात् । नापि तदनित्यत्वज्ञप्तौ आगमाऽनित्यत्वस्य तीव्रादिधर्मोपेतत्वादिना सुगमत्वात् ॥ ६७ ॥

यदि इसप्रकार होता है तो परस्पराश्रय बाधव्याधिका समाधान करो । किन्तु उसकी सम्भावना नहीं । उत्पत्तिमें परस्पराश्रय शङ्का करते हो या ज्ञप्तिमें ? उत्पत्तिमें नहीं । क्योंकि आगमईश्वरके अधीन उत्पन्न होनेपरभी, वह नित्य, इसकारण उसकी उत्पत्ति सम्भव नहीं ।

DR. RUPNATH JHA (DR. RUPANATH)

ज्ञप्तिमेंभी परस्पराश्रयकी शङ्का नहीं कियी जासकती। क्योंकि, ईश्वरज्ञान आगमाधीन होनेपर भी, वह आगम व्यतीत अन्यप्रकारसेभी जानाजासकता है ॥ ६७ ॥

तस्मान्निर्वर्त्तकधर्मानुष्ठानवशादीश्वरप्रसादसिद्धावभिमतेष्टासिद्धि रिति सर्वमवदातम् ॥ ६७ ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहे अक्षपाददर्शनं समाप्तम् ॥ ११ ॥

अतएव निवर्त्तकधर्म्मानुष्ठानवशात् ईश्वर प्रसन्न होनेपर अभिमत इष्टासिद्धि संघटित होती है। यह सर्व्वथा विवादशून्य है ॥ ६८ ॥

इति सर्व्वदर्शनसंग्रहमें अक्षपाददर्शन समाप्त हुआ ॥ ११ ॥

अथ जैमिनीयदर्शनम् ॥ १२ ॥

ननु धर्मानुष्ठानवशादभिमतधर्मसिद्धिरिति जेगीयते भवता। तत्र धर्मः किं लक्षणकः किं प्रमाणक इति चेत् उच्यते श्रूयतामवधानेन। अस्य प्रश्नस्य प्रतिवचन प्राच्यां मीमांसायां प्रादर्शि जैमिनिना मनिना ॥ १ ॥

तुमने जो कहा कि, धर्म्मानुवशात्ही अभिमतधर्म्मसिद्धि होजाती है, उस धर्म्मका लक्षण क्या, या प्रमाणही क्या ? अवधानपूर्वक सुनो, कहता हूं जैमिनिमुनिने मीमांसामें इसप्रश्नका प्रतिवचन अर्थात् उत्तर दिया है ॥ १ ॥

सा हि मीमांसा द्वादशलक्षणी। तत्र प्रथमेऽध्याये विध्यर्थवादमन्त्रस्मृतिनामधेयार्थकस्य शब्दराशेः प्रामाण्यम् ॥ २ ॥

यह पूर्व्वमीमांसा द्वादशलक्षणी। उसमें प्रथम अध्यायमें विधि, अर्थवाद, मन्त्रस्मृति, नामधेयार्थक शब्दराशिका प्रामाण्य स्थापित हुआ है ॥ २ ॥

द्वितीये कर्मभेदोपोद्घातप्रमाणापवादप्रयोगभेदरूपोऽर्थः ॥ ३ ॥

द्वितीयमें कर्म्मभेद, उपोद्घात, प्रमाण, अपवाद और प्रयोगभेदरूप अर्थनिरूपण किया है ॥ ३ ॥

तृतीये श्रुतिर्लिंगवाक्यादिविरोधप्रतिपत्तिकर्मानारभ्याधीतवहुप्रयानोपकारकप्रयाजादियाजमानाचिन्तनम् ॥ ४ ॥

DR.RUPNATH(DR.RUPAK NATH)

तृतीयमें श्रुतिलिङ्ग वाक्यादिविरोधप्रतिपत्ति, कर्म्मअनारभ्य अधीत बहुप्रधानोपकारक प्रयाजादि याजमानचिन्तन विनिविष्ट हुआ है ॥ ४ ॥

चतुर्थे प्रधानप्रयोजकत्वाप्रधानप्रयोजकत्वजुहूपर्णतादिफलराजसूयगतजघन्याकांक्षद्यूतादिचिन्ता ॥ ५ ॥

चतुर्थमें प्रधानप्रयोजकत्व अप्रधानप्रयोजकत्व जुहूपर्णतादिफल राजसूयगतजघन्याङ्ग अक्षद्यूतादि आलोचना किया है ॥ ५ ॥

पञ्चमे श्रुत्यादिक्रमतद्विशेषवृद्ध्यवर्द्धनप्राबल्यदौर्बल्यचिन्ता ॥ ६ ॥

पञ्चमम श्रुत्यादिक्रम तद्विशेषवृद्धि, अवर्द्धन प्राबल्य और दौर्बल्य चिन्तानिरूपित हुईहै ॥ ६ ॥

षष्ठे अधिकारितद्धर्मद्रव्यप्रतिनिध्यर्थलोपप्रायश्चित्तसत्रदेयवह्निविचारः ॥ ७ ॥

छठामें अधिकारी उसका धर्म्मद्रव्यप्रतिनिध्यर्थ लोपका प्रायश्चित्त और सत्रदेय अग्निविचार सन्निवेशित किया है ॥ ७ ॥

सप्तमे प्रत्यक्षावचनातिदेशेषु नामलिंगातिदेशविचारः ॥ ८ ॥

सप्तममें नाम लिङ्गातिदेश विचारित हुआ है ॥ ८ ॥

अष्टमे स्पष्टास्पष्टप्रबललिंगातिदेशापवादविचारः ॥ ९ ॥

अष्टममें स्पष्ट, अस्पष्ट और प्रबल लिङ्गातिदेशापवाद विचार किया है ॥ ९ ॥

नवमे ऊहविचारारम्भसामोहमन्त्रोहतत्प्रसंगागतविचारः ॥ १० ॥

नवममें ऊह (तर्क) विचारका आरम्भ सामोह, मन्त्रोह और उसका प्रसङ्गगत विचार व्यवस्थित हुआ है ॥ १० ॥

दशमे बाधहेतुद्वारलोपविस्तारबाधकारणकार्य्यैकत्वग्रहादिसामप्रकीर्णनञर्थविचारः ॥ ११ ॥

दशममें बाधहेतुद्वार लोपविस्तार बाधका कारण और कार्य्यका एकत्व ग्रहादि सामप्रकीर्ण नञर्थविचार किया है ॥ ११ ॥

एकादशे तन्त्रोपोद्घाततन्त्रावापतन्त्रप्रपञ्चनावापप्रपञ्चनचिन्तनानि ॥ १२ ॥

ग्यारहवेंमें तन्त्रोपोद्घात तन्त्रावाप, तन्त्रप्रपञ्चन और अवापप्रपञ्चन आलोचित हुआहै ॥ १२ ॥

द्वादशे प्रसंगतन्त्रनिर्णयसमुच्चयविकल्पविचारः ॥ १३ ॥

बारहवेंमें प्रसङ्गतन्त्रका निर्णयसमुच्चय और विकल्पका विचार किया गयाहै ॥ १३ ॥

DR.RUPNATH(DR.RUPAK NATH)

तत्राथातो धर्मजिज्ञासेति प्रथममधिकरणं पूर्वमीमांसारम्भोपपादनपरम् ॥ १४ ॥

उनमें "अथातो धर्म्मजिज्ञासा" इत्यादि वाक्यविन्यासपूर्वक, पूर्वमीमांसाका आरम्भ उपपादनार्थ प्रथम अधिकरण सन्निविष्ट हुआ है ॥ १४ ॥

अधिकरणञ्च पञ्चावयवमाचक्षते परीक्षकाः। ते च पञ्चावयवाः विषयसंशयपूर्वपक्षसिद्धान्तसङ्गतिरूपाः ॥ १५ ॥

परीक्षकोंने अधिकरणके पांच अवयव निर्देश किये हैं। जैसे--विषय, संशय, पूर्वपक्ष, सिद्धान्त और सङ्गति ॥ १५ ॥

तत्राचार्य्यमतानुसारेणाधिकरणं निरूप्यते। स्वाध्यायोऽध्येतव्य इत्येतद्वाक्यं विषयः ॥ १६ ॥

उनमें आचार्यके मतानुसार अधिकरण निरूपण किया गया है स्वाध्यायो अध्येतव्यः--अर्थात् वेदपाठ करना चाहिये, इस प्रकार वाक्यका नाम विषय है ॥ १६ ॥

चोदनालक्षणोऽर्थो धर्म इत्यारभ्यान्वाहार्य्यं च दर्शनादित्येतदन्तं जैमिनीयं धर्मशास्त्रमनारभ्यमारभ्यं वेति सन्देहः ॥ १७ ॥

चोदनालक्षण अर्थका नाम धर्म्म, इत्यादि वाक्य आरम्भकर अन्वाहार्य्यं च दर्शनात् इत्यादि पर्य्यन्त जैमिनिप्रणीत धर्म्मशास्त्र आरभ्य या अनारभ्य, इसका नाम संशय है॥ १७॥

अध्ययनविधेरदृष्टार्थत्वाभ्यां तत्रानारभ्यमिति पूर्वपक्षः। अध्ययनविधेरर्थावबोधलक्षकदृष्टफलकत्वानुपपत्तेरर्थावबोधार्थमध्ययनविधिरिति वदन् वादी प्रष्टव्यः किमत्यन्तमप्राप्तमध्ययनं विधीयते किंवा पाक्षिकमवघातवन्नियम्यत इति ॥ १८ ॥

उनमें अध्ययनविधिके अदृष्टार्थत्वद्वारा अनारभ्य ऐसा पूर्वपक्ष होता है। अध्ययन विधिका अर्थावबोधरूप दृष्टफलकत्व अनुपपन्न होजानेसे अर्थावबोधार्थ अध्ययन विधि, ऐसा वाक्यप्रयोगमें प्रवृत्त वादीको यही जिज्ञास्य है कि, तुम्हारे मतमें अत्यन्त अप्राप्त अध्ययन विहित, या अवघातवत् पाक्षिक अध्ययन नियमित होता है ॥ १८ ॥

न तावदाद्यः विवादपदं वेदाध्ययनमर्थावबोधहेतुः अध्ययनत्वाद्भारताध्ययनवदित्यनुमानेन विध्यनपेक्षतया प्राप्तत्वात् ॥ १९ ॥

प्रथम अर्थात् अत्यन्त अप्राप्त अध्ययन नहीं कह सकते हो। क्योंकि, विवादास्पद वेदाध्ययन अर्थावबोधका हेतु, भारताध्ययनकी नाईं, अनुमानद्वारा उसमें किसी विधिकी अपेक्षा नहीं ॥ १९ ॥

DR.RUPA NATH (DR.RUPAK NATH)

अस्तु तर्हि द्वितीयः यथा नखविदलादिना तण्डुलनिष्पत्तिसम्भवात् अवघातनिष्पन्नैरेव तण्डुलैः पिष्टपुरोडाशादिकरणे अवान्तरापूर्वद्वारा दर्शपूर्णमासौ परमापूर्वमुत्पादयतः नापरथा अतः अपूर्वमवघातस्य नियमहेतुः प्रकृते लिखितपाठजन्येनाध्ययनजन्येन वार्थावबोधेन क्रत्वनुष्ठानसिद्धेरध्ययनस्य नियमहेतुर्नास्त्येव। तस्मादर्थावबोधहेतुविचारशास्त्रस्य वैधत्वं नास्तीति। तर्हि श्रूयमाणस्य विधेः का गतिरिति चेत् स्वर्गफलकोऽक्षरग्रहणमात्रविधिरिति भवान् परितुष्यतु विश्वजिन्न्यायेनाश्रुतस्यापि कल्पयितुं शक्यत्वात् यथा स स्वर्गः सर्वान् प्रत्यविशिष्टत्वादिति विश्वजित्यश्रुतमप्यधिकारिणं सम्पादयता तद्विशेषणं स्वर्गः फलं युक्त्या निरणायि तद्वदध्ययनेऽप्यस्तु ॥ २० ॥

अच्छा तो द्वितीय पक्षही स्वीकार किया जावे जैसे नखद्वारा विदलनादिकर, तण्डुल समुत्पादन सम्भव होता है। अवघात द्वारा समुत्पादित तण्डुल द्वाराही पिष्ट पुरोडाशादि करनेमें दर्शपूर्णमास उभय विधियज्ञ अवान्तर अदृष्टसाधनद्वारा परम अदृष्ट समुत्पादन करता है अन्य प्रकारसे नहीं। इसकारण अदृष्ट अवघातका नियम हेतु अध्ययनजनित अथवा अन्यप्रकार अर्थावबोध द्वारा यज्ञका अनुष्ठान सिद्ध होता है। सुतरां, अध्ययनका नियम हेतु नहीं, इसकारण, अर्थावबोध हेतु विचार शास्त्रका वैधत्व नहीं। तो श्रूयमाण विधिकी गति क्या होगी ? इसका उत्तर यह है जो, अक्षरग्रहणमात्र विधिका स्वर्गही फल हो यहजानकर, तुम परितुष्ट होओ। क्योंकि, विश्वजित्की नाईं अश्रुत स्वर्गकीभी कल्पना यी जासकती है। जैसे वह स्वर्ग सबके प्रति अविशेषसे इत्यादि विधानसे विश्वजित्में श्रुत अधिकारीको भी सम्पादनकर युक्तिद्वारा तद्विशेषण स्वर्गफल निर्णय किया है, उस कार अध्ययनभी होवे ॥ २० ॥

तदुक्तम्—

विनापि विधिनादृष्टलाभान्न हि तदर्थता।
कल्पास्तु विधिसामर्थ्यात् स्वर्गो विश्वजिदादिवदिति ॥२१॥

उसी प्रकार, कहा है, विधिके विनाभी अदृष्ट लाभ होनेसे, तदर्थता सम्पन्न नहीं होती, विश्वजित् प्रभृतिकी नाईं, विधिसामर्थ्यवशतः स्वर्गकल्पना किया जासकती है ॥ २१ ॥

DR. RUPNATH JHA

एवञ्च सति वेदमधीत्य स्नायादिति स्मृतिरनुगृहीता भवति । अत्र हि वेदाध्ययनसमावर्त्तनयोरव्यवधानमवगम्यते ॥ २२ ॥

ऐसा होनेसे, वेद अध्ययनकर स्नान करना चाहिये, इत्यादि स्मृति अनुगृहीत होती है यहां, वेद अध्ययन और समावर्त्तन इन दोनोंका व्यवधान अवगत होताहै ॥ २२ ॥

तावके मते त्वधीतेऽपि वेदे धर्मविचाराय गुरुकुले वस्तव्यं तथा सत्यव्यवधानं बाध्येत । तस्माद्विचारशास्त्रस्य वैधत्वाभावात् पाठमात्रेण स्वर्गसिद्धेः समावर्तनशास्त्राच्च धर्मविचारशास्त्रमनारम्भणीयमिति पूर्वपक्षसंक्षेपः ॥ २३ ॥

तुम्हारे मतमें वेदअध्यन करनेपरभी, धर्म्मविचारके लिये गुरुकुलमें वास करना कर्त्तव्य है । ऐसा होनेसे, अव्यवधान बाधित होता है । इसकारण विचारशास्त्रका वैधत्वका अभाव घटनेसे, पाठमात्रसे स्वर्गसिद्धि सम्भव । इसलिये धर्म्मविचारशास्त्र अनारम्भणीय । यही पूर्व्व पक्षका संक्षेप है ॥ २३ ॥

सिद्धान्तस्त्वन्यतः प्राप्तत्वादप्राप्तविधित्वं मास्तु नियमविधित्वपक्षस्तु वज्रहस्तेनापि नापहस्तयितुं पार्य्यते ॥ २४ ॥

इसका सिद्धान्त यह है जो अन्यप्रकारसे प्राप्त होनेसे अप्राप्तविधित्व न हो स्वयं वज्रहस्तभी नियमविधित्व पक्ष अपहस्तित नहीं करसकते ॥ २४ ॥

तथाहि स्वाध्यायोऽध्येतव्य इति तव्यप्रत्ययः प्रेरणापरपर्य्यायां पुरुषवृत्तिरूपार्थभावनाभाव्यामभिधाभावानां प्रत्याययति । सा ह्यर्थभावनासहितमनुबद्धं भाव्यमाकाङ्क्षति न तावत्समानपदोपात्तमध्ययनभाव्यं परिरभते ॥ २५ ॥

उसीप्रकार स्वाध्याय अध्येतव्य । इसस्थानमें तव्यप्रत्यय द्वारा, जिसका अपर नाम प्रेरणा है, पुरुषका प्रवृत्तिरूप अर्थभावनाका भाव्य वही अभिधाभावनाकी प्रतीति उत्पन्न होती है । इसी अर्थभावनाद्वारा आनुषङ्गिक अनुभाव्य विषय आकांक्षित होता है । समानपदोपात्त अध्ययनभाव्यकी आकांक्षा नहीं होती ॥ २५ ॥

अध्ययनशब्दार्थस्य स्वाधीनोच्चारणक्षमत्वस्य वाङ्मनसव्यापारस्य क्लेशार्थकस्य भाव्यत्वासम्भवात् । नापि समानवाक्योपात्तः स्वाध्यायः स्वाध्यायशब्दार्थस्य वर्णराशेर्नित्यत्वेन विभु-

DR. RUPNATH (DR. RUPAK NATH)

त्वेन चोत्पत्त्यादीनां चतुर्णां क्रियाफलानामसम्भवात् । तस्मात्सामर्थ्यप्राप्तोऽवबोधो भाव्यत्वेनावतिष्ठते ॥ २६ ॥

अध्ययन शब्दार्थका स्वाधीनोच्चारणक्षमतासे क्लेशार्थक वाङ्मनस व्यापारका भाव्यत्व सम्भव नहीं । और स्वाध्याय कभी समान वाक्योपात्त नहीं । क्योंकि, स्वध्यायशब्दार्थकी शब्द-राशि नित्य और विभुत्वविशिष्ट एवं उत्पत्ति प्रभृति चारप्रकारकी क्रियाफलका अतीत । सुतरां, सामर्थ्य प्राप्त अवबोध भावात्मरूपसे अवस्थिति करता है ॥ २६ ॥

अर्थीसमर्थो विद्वानधिक्रियत इति न्यायेन दर्शपूर्णमासादिविषयावबोधमवेक्षमाणाः तत्त्वबोधे स्वाध्यायं विनियुञ्जते ॥ २७ ॥

अर्थी समर्थ विद्वान् अधिक्रियते इत्यादि न्यायानुसार दर्शपूर्णमासादि विषयावबोध अवेक्षाकर तत्त्वबोधविषयमें स्वाध्याय विनियोजित होताहै ॥ २७ ॥

अध्ययनविधिश्च लिखितपाठादिव्यावृत्त्या अध्ययनसंस्कृतत्वं स्वाध्यायस्यावगमयति । तथा च यथा दर्शपूर्णमासादिजन्यं परमापूर्वम् अवघातादिजन्यस्याप्यान्तरापूर्वस्य कल्पकं तथा समस्तक्रतुजन्यमपूर्वजातं क्रतुज्ञानसाधनाध्ययननियमजन्यमपूर्वं कल्पयिष्यति नियमादृष्टानिष्टौ विधिश्रवणवैफल्यमापद्येत । न च विश्वजिन्न्यायेन फलकल्पनावकल्प्यते अर्थावबोधे दृष्टे फले सति फलान्तरकल्पनायाः अयोगात् ॥ २८ ॥

पुनः अध्ययन विधि लिखितपाठादिकी व्यावृत्तिद्वारा स्वाध्यायका अध्ययन संस्कार साध्य है । और उसी प्रकार, जैसे, दर्श पूर्णमासादि जनित परम अदृष्ट अवघातादि जनित अदृष्ट समुद्भावित करता है । उसीप्रकार सब क्रतुजनित अदृष्टजातक्रतुसाधन [illegible] उत्पादित अदृष्टकी उद्भावना करता है । नियमादृष्ट अनिष्ट विधिश्रवणका प्राप्त होता है । विश्वजित् न्यायानुसार फलकल्पना अवकल्पित नहीं होती । इसका कारण यह है जो अर्थावबोधरूप फल दृष्ट होनेपर, फलान्तर कल्पनाका संयोग अपगत होता है ॥ २८ ॥

तदुक्तम्—

लभ्यमाने फले दृष्टे नादृष्टफलकल्पना ।
विधेस्तु नियमार्थत्वान्नानर्थक्यं भविष्यतीति ॥ २९ ॥

DRUPNTEU(OR.RUAK NATH)

उसीप्रकार, कहा है लभ्यमान फल दृष्ट होनेपर, अदृष्ट फल कल्पनाका फिर प्रादुर्भाव नहीं होता। नियमार्थकतावशात् विधिका अनर्थकत्व सम्भव नहीं ॥ २९ ॥

ननु वेदमात्राध्यायिनोऽर्थावबोधानुदयेऽपि साङ्गवेदाध्यायिनः पुरुषस्यार्थावबोधसम्भवात् ।विचारशास्त्रस्य वैफल्यमिति चेत्तदसमञ्जसं बोधमात्रसम्भवेऽपि निर्णयस्य विचाराधीनत्वात्। तद्यथा, अक्ताः शर्करा उपदधातीत्यत्र घृतेनैव न तैलादिनेत्यर्थनिर्णयो व्याकरणेन निगमेन निरुक्तेन वा न लभ्यते, विचारशास्त्रेण तु तेजो वै घृतमिति वाक्यशेषवशादर्थनिर्णयो लभ्यते। तस्माद्विचारशास्त्रस्य वैधत्वं सिद्धम् ॥ ३० ॥

वेदमात्र अध्ययनमें प्रवृत्त होनेसे यद्यपि अर्थावबोधका उदय नहीं होता, किन्तु साङ्गवेद अध्ययनमें व्यापृतपुरुषका अर्थावबोध सम्भव होता है। इसबातका मेल नहीं। क्योंकि; बोधमात्रसम्भव होनेपरभी निर्णय विचाराधीन होता है। यद्यपि अर्थबोध होता है किन्तु विवादास्पदकी मीमांसा करनेमें विचारकी आवश्यकता होती है अर्थसमझनेहीपर उस २ स्थलकी मीमांसा नहीं कियी जाती। इसका दृष्टान्त, जैसे, अक्तशर्करा इत्यादि। यहां घृताक्त, या तैलाक्त, इसप्रकार अर्थनिर्णय व्याकरण, वा निगम अथवा निरुक्तद्वारा अधिगत नहीं होता।विचारशास्त्रद्वाराही घृत साक्षात् होने इसप्रकार वाक्यशेषवशात् अर्थनिर्णय लब्ध होता है। इसकारण विचारशास्त्रका वैधत्व सिद्ध ॥ ३० ॥

न च वेदमधीत्य स्नायादिति शास्त्रं गुरुकुलनिवृत्तिपरं व्यवधानप्रतिबन्धकं स्नात्वाऽध्येतेति मन्तव्यं स्नात्वा भुङ्क्ते इतिवत् पूर्वापरीभावसमानकर्तृकत्वमात्रप्रतिपत्त्या अध्ययनसमावर्त्तनयोर्नैरन्तर्य्यप्रतिपत्तेः। तस्माद्विधिसामर्थ्यादेवाधिकरणसहस्रात्मकपूर्वमीमांसाशास्त्रमारम्भणीयम्। इदं चाधिकरणं शास्त्रैणोपोद्घातत्वेन सम्बध्यते ॥ ३१ ॥

वेद अध्ययनकर स्नान करना चाहिये, इत्यादिशास्त्र गुरुकुलनिवृत्तिपर। व्यवधानप्रतिबन्धक स्नातकर पढ़ना चाहिये इसप्रकार नहीं माना जाता। क्योंकि, स्नानकर भोजन करता है, इत्यादिके तुल्य पूर्वापरी भावका समानकर्तृकत्वमात्रकी प्रतिपत्तिद्वारा अध्ययन और समावर्तन होनेका नैरन्तर्य प्रतिपन्न होता है। अतएव विधिसामर्थ्यवशात् अधिकरण सहस्रयुक्त

DR. RUPNATH JHA DR.RUPNATH

पूर्व्वमीमांसाशास्त्र आरम्भणीय । यह अधिकरण, उपोद्घातत्ववशात् सहित सर्व्वथा सम्बन्ध है ॥ ३१ ॥

तदाह-

चिन्तां प्रकृतसिद्ध्यर्थामुपोद्घातं प्रचक्षत इति ॥ ३२ ॥

उसीप्रकार कहा है, प्रकृतिसिद्ध्यर्थ चिन्ताका नाम उपोद्घात है ॥ ३२ ॥

इदमेवाधिकरणं गुरुमतमनुसृत्योपन्यस्यते । अष्टवर्षं ब्राह्मणमुपनयीत तमध्यापयीतेत्यत्राध्यापनं नियोगविषयः प्रतिभासते। नियोगश्च नियोज्यमपेक्षते । कश्चात्र नियोज्य इति चेदाचार्य्यकाम एव सम्माननेत्यादिना पाणिन्यनुशासनेनाचार्य्यकरणेष्यमाणे नयतेर्धातोरात्मनेपदस्य विधानात् उपनयने यो नियोज्यः स एवाध्यापनेपि तयोरेकप्रयोगत्वात् ॥ ३३ ॥ ३४ ॥

यही अधिकरण गुरुमतानुसरणपूर्वक उपन्यस्त होता है । आठवर्षके ब्राह्मणके लडकेका उपनयन समाधान और उसको पढ़ाना चाहिये । यहां अध्यापन नियोगविषय कहकर प्रतिभात होता है । नियोगनियोज्यकी अपेक्षा करता है । इसस्थानम नियोज्य कौन है इसप्रश्नके उत्तरमें पाणिनिके अनुशासन अनुसार आचार्य्यमाप्त होनेपर, नी धातुके उत्तरआत्मने पद विधानकर जो व्यक्ति उपनयनमें नियोज्य होता है वही अध्यापनमेभी नियोज्य होता है । क्योंकि, दोनोंका एकत्र प्रयोग हुआ है ॥ ३३ ॥ ३४ ॥

अत एवोक्तं मनुना मुनिना-

उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद्द्विजः ।
सांगञ्च सरहस्यञ्च तमाचार्य्यं प्रचक्षत इति ॥ ३५ ॥

इसीकारण मनुमुनिने कहा है जो द्विज शिष्यको उपनीतकर सांग और सरहस्य वेद अध्ययन करावे उसको आचार्य कहते हैं ॥ ३५ ॥

ततश्चाचार्य्यकर्तृकमध्यापनं माणवककर्तृकेणाध्ययनेन विना न सिद्ध्यतीत्यध्यापनविधिप्रयुक्तयैवाध्ययनानुष्ठानं सेत्स्यति प्रयोज्यकव्यापारमन्तरेण प्रयोजकव्यापारस्यानिर्वाहात् ॥ ३६ ॥

इसकारण आचार्य्यकर्तृक अध्यापन माणवक कर्तृक अध्ययनविना सिद्ध नहीं होता, इसकारण अध्यापन विधिका प्रयोगद्वारही अध्ययनानुष्ठान सिद्ध होताहै । जिसकारण, प्रयोज्यव्यापारके विना प्रयोजक व्यापारका निर्व्वाह नहीं होता ॥ ३६ ॥

DR. RUPNATHJI(DR. RUPNARAYAN)

तर्ह्यध्येतव्य इत्यस्य विधित्वं न सिध्यतीति चेन्मासैत्सीत् का नो हानिः पृथगध्ययनविधेरभ्युपगमे प्रयोजनाभावाद्विधित्वस्य नित्यानुवादत्वेनाप्युपपत्तेः । तस्मादध्ययनविधिमुपजीव्य पूर्वमुपन्यस्तौ पूर्वोत्तरपक्षौ प्रकारान्तरेण प्रदर्शनीयौ विचारशास्त्रमवैधत्वेनानारब्धव्यमिति पूर्वपक्षः वैधत्वेनारब्धव्यमिति राद्धान्तः ॥ २७ ॥

इसप्रकार होनेसे अध्येतव्य, इसवाक्यका विधित्व सिद्ध नहीं होसकता। न हो, उससे हमारी हानि क्या? पृथक् अध्ययन विधिका अभ्युपगम होनेसे प्रयोजकके अभाववशात्, नित्यानुवादत्वद्वाराभी विधित्वकी उपपत्ति होती है। इसकारण, अध्ययनविधिको आश्रयकर, पहिले जिनका निर्देश किया गयाहै, वही पूर्वपक्ष और उत्तरपक्ष, प्रकारान्तरसे प्रदर्शन किये गये है। उनमें विचारशास्त्र अवैधत्वद्वारा अनारम्भणीय, यह पूर्वपक्ष एवं वैधत्वद्वारा वह आरम्भणीय, यही उत्तर पक्ष है ॥ २७ ॥

तत्र वैधत्वं वदता वदितव्यं किमध्यापनविधिर्माणवकस्यार्थावबोधमपि प्रयुङ्क्ते किं वा पाठमात्रम्। नाद्यः विनाप्यर्थावबोधेनाध्यापनसिद्धेः। न द्वितीयः पाठमात्रे विचारस्य विषयप्रयोजनयोरसम्भवादासंततः प्रतिभातः सन्दिग्धोऽर्थो विचारशास्त्रविषयो भवति। तथा सति यत्रार्थावगतिरेव नास्ति तत्र सन्देहस्य का कथा विचारफलस्य निर्णयस्य प्रत्याशा दूरत एव ॥ २८ ॥

इसमें वैधत्वनिर्देश समयसे कहना चाहिये, अध्यापन विधिद्वारा माणवकका अर्थावबोध अपेक्षित किंवा पाठमात्रका प्रयोग होता है? पहिला नहीं। क्योंकि, अर्थावबोधके विना; अध्यापन सिद्ध होजाता है। द्वितीयभी नहीं। क्योंकि पाठमात्रसे विचारका विषय और प्रयोजन सम्भव नहीं। आसमन्तात् प्रतिभात सन्दिग्ध अर्थ विचारशास्त्रका विषय होजाता है। ऐसा होनेसे जिसस्थानमें अर्थबोध नहीं होता, वहां सन्देहकी बात क्या विचार निर्णयकी प्रत्याशा दूर होजाती है ॥ २८ ॥

तथा च यदसन्दिग्धं प्रयोजनं तत्प्रेक्षावत्प्रतिपित्सागोचरं यथा नयनरसेन्द्रियसन्निकृष्टः स्पष्टालोकमध्यमध्यासीनो वट

DR.ROPINATH(DRRUPAKNATH)

इति न्यायेन विषयप्रयोजनयोरसम्भवेन विचारशास्त्रमनारभ्यमिति पूर्वः पक्षः अध्यापनविधिनार्थावबोधो मा प्रयोजि तथापि सांगवेदाध्यायिनो गृहीतपदपदार्थसंगतिकस्य पुरुषस्य पौरुषेयेष्विव प्रबन्धेषु आम्नायेऽप्यर्थावबोधः प्राप्नोत्येव ॥ ३९ ॥

और उसी प्रकार, जो असन्दिग्ध प्रयोजन, वह विद्वान् स्वर्गके प्रतिपादनकी इच्छाका विषयभूत, मनसहित इन्द्रियगणके सन्निकर्षसे अधिष्ठित एवं स्पष्ट आलोकमें अवस्थित घट स्वरूप, इसप्रकार न्यायानुसार, विषय और प्रयोजनकी सम्भावनावशात् विचारशास्त्र आरम्भणीय नहीं, यही पूर्वपक्ष। अध्यापनविधिद्वारा अर्थावबोध प्रयोजित न हो; तथापि, साङ्गवेदके अध्ययनमें प्रवृत्त होकर, पद पदार्थ सङ्गतिका ज्ञान होनेसे, पौरुषेय प्रबन्धकी नाईं। आम्नायका अर्थावबोध होजाता है ॥ ३९ ॥

